विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 108 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 18 जनवरी 2025 डाक 19 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया



**देश-विदेश**

केवल भावनाओं को शांत करने के लिए दर्ज न करें केस, आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एससी की अहम टिप्पणी



**फीचर**

संतरे और नींबू से परे, अपने दैनिक आहार में विटामिन सी से भरपूर इन खाद्य पदार्थों को भी शामिल करें



# हरियाणा के 10 किसानों ने भी शुरू किया अनशन डल्लेवाल की हालत गंभीर, रात भर करते रहे उल्टियां

खनौरी (संगरूर), 18 जनवरी [एजेंसी]।

हरियाणा से खनौरी पहुंचे 10 किसानों ने शुक्रवार को हरियाणा की सीमा में दो दिन से आमरण अनशन कर रहे 111 किसानों के साथ ही आंदोलन शुरू करने की घोषणा की।इसके साथ ही अब हरियाणा की सीमा में आमरण अनशन करने वालों की संख्या 121 और डल्लेवाल को मिलाकर 122 हो गई है। दूसरी तरफ 53 दिन से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है।डल्लेवाल वीरवार रात से उल्टियां कर रहे हैं। डॉक्टरों ने उनकी हालत बेहद नाजुक बताई है। इसी बीच हरियाणा के किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने पंजाब सरकार पर डल्लेवाल की सेहत को लेकर झूठी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है कि 53 दिन से कोई केवल पानी पी रहा हो और उसकी सेहत में सुधार भी हो रहा हो। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर घोषणा की कि यदि कोई साबित कर दे कि डल्लेवाल ने आंदोलन के दौरान कुछ खाया है तो वह अपनी करीब 30-35 करोड़ की संपत्ति उसके नाम कर देंगे। कोहाड़ ने कहा कि डल्लेवाल किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने की खातिर एमएसपी गारंटी कानून बनाने सहित 13 मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि डॉक्टरों की टीम द्वारा डल्लेवाल के लिए जाने वाले टेस्टों की रिपोर्ट प्रतिदिन सार्वजनिक की जाए, ताकि स्थिति लगातार स्पष्ट होती रहे। इसी तरह किसान नेता गुरिंदर सिंह भंगू ने कहा कि हरियाणा की सीमा पर आमरण अनशन कर रहे किसानों ने घोषणा की है कि वे आंदोलन के दौरान न तो कोई चिकित्सा सुविधा लेंगे और न ही कोई टेस्ट करवाएंगे। यही नहीं, वे इस दौरान अपने स्वजनों से भी मुलाकात नहीं करेंगे।हरियाणा के 10 किसानों ने भी शुरू किया अनशन, डल्लेवाल की हालत गंभीर, रात भर करते रहे उल्टियांकोहाड़ ने कहा कि डल्लेवाल किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने की खातिर एमएसपी गारंटी कानून बनाने सहित 1 और मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि डॉक्टरों की टीम द्वारा डल्लेवाल के लिए जाने वाले टेस्टों की रिपोर्ट प्रतिदिन सार्वजनिक की जाए, ताकि स्थिति लगातार स्पष्ट होती रहे।इसी तरह किसान नेता गुरिंदर सिंह भंगू ने कहा कि हरियाणा की सीमा पर आमरण अनशन कर रहे किसानों ने घोषणा की है कि वे आंदोलन के दौरान न तो कोई चिकित्सा सुविधा लेंगे और न ही कोई टेस्ट करवाएंगे। यही नहीं, वे इस दौरान अपने स्वजनों से भी मुलाकात नहीं करेंगे। एसकेएम के दोनों गुट केंद्र के खिलाफ बनाएंगे रणनीति संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के दोनों गुट के नेताओं की शनिवार को पातड़ा में बैठक होगी। इस बैठक में दोनों गुट के नेता केंद्र सरकार के खिलाफ संयुक्त रणनीति बनाएंगे। बता दें कि इससे पहले भी दोनों गुट के नेताओं की दो बैठकें हो चुकी हैं। दोनों गुट केंद्र के खिलाफ संयुक्त संघर्ष शुरू करने पर सहमति जता चुके हैं।



## मरते-मरते बची, 20 मिनट के अंतराल से शेख हसीना



नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना देश छोड़कर भारत आने के बाद कई खुलासे कर चुकी हैं। इस बीच हसीना ने नया दावा किया है। उन्होंने कहा कि जब वो बांग्लादेश में थी, तो उन्हें मारने की साजिश रची गई थी। यहां तक की उनकी छोटी बहन शेख रेहाना को भी निशाना बनाने की कोशिश हुई थी। शुक्रवार देर रात बांग्लादेश अवामी लीग के फेसबुक पेज पर शेयर किए गए ऑडियो संदेश में हसीना ने ये खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी बहन बस 20-25 मिनट के अंतर से बच गईं। बता दें कि पिछले साल बांग्लादेश में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के चलते 600 से ज्यादा लोग मारे गए थे। यहां तक की भीड़ शेख हसीना के घर तक घुस गई थी। हसीना ने अपने संदेश में दावा किया कि अगर वो देश न छोड़ती तो उन्हें मार दिया जाता। उन्होंने कहा कि मुझे और मेरी बहन को मारने की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि 21 अगस्त की हत्याओं और कोटलीपारा में बम हमले से बचना...केवल अल्लाह की मर्जी से हुआ।

# सुशासन सरकार में हर भ्रष्टाचारी को खानी है जेल की हवा :साव



रायपुर, 18 जनवरी [एजेंसी]।

छत्तीसगढ़ पी डब्लू डी विभाग ने बीजापुर सड़क निर्माण और मोवा ओवरब्रिज मरम्मत कार्य में गड़बड़ी, लापरवाही, गुणवत्ताहीन कार्य और अनियमितता पर सख्ती बरतते हुए अब तक की सबसे कठोर कार्रवाई की है। उप मुख्यमंत्री अरुण के सख्त रवैये में बीजापुर से लेकर रायपुर तक बड़े अफसर नाप दिए गए हैं। विभाग ने बीजापुर में सड़क निर्माण में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, मिलीभगत, शासकीय राशि के अपव्यय और गुणवत्ताहीन कार्यों के दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर के साथ ही निलंबन की भी कार्रवाई की है। एक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। वहीं रायपुर में मोवा ओवरब्रिज की मरम्मत में अमानक एवं गुणवत्ताहीन कार्य और अनियमितता पर पांच अधिकारियों को निलंबित किया गया है। भ्रष्टाचार और गडबड़ी पर जीरो टॉलरेंस पर अमल करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बयान जारी कर बताया कि आज कई अधिकारियों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। बीजापुर में आर.आर.पी.-1 (एल.डब्ल्यू.ई.) योजना के अंतर्गत 54.40 किमी लंबाई के अति महत्वपूर्ण प्रगतिरत नेलसनार-कोडोली-मिरतुल-गंगालुर मार्ग के कार्य के संबंध में 25 दिसंबर को गठित जाँच दल से प्राप्त प्रतिवेदन में पाई गई गड़बड़ियों के गंभीर होने एवं संबंधित अधिकारियों के मिलीभगत होने के कारण सड़क निर्माण में शासकीय राशि के अपव्यय, गबन, त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन प्रतिवेदन देने एवं ठेकेदार/निर्माण एजेंसी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार करने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य हैं। पीडब्ल्यूडी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य में गड़बड़ियों, गंभीर भ्रष्टाचार, मिलीभगत कर शासकीय राशि के अपव्यय एवं जानबूझकर गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य किए जाने के कारण तत्कालीन कार्यपालन अभियंता बी.एल. ध्रुव, अनुविभागीय अधिकारी आर.के. सिन्हा और उप अभियंता जी.एस. कोड़ोपी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराकर तत्काल लोक निर्माण विभाग को सूचित करने के निर्देश बस्तर परिक्षेत्र, जगदलपुर के मुख्य अभियंता को दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारी आर.के. सिन्हा, और उप अभियंता जी.एस. कोड़ोपी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय नवा रायपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय निर्धारित किया गया है।

## दिल्ली में 981 उम्मीदवारों ने भरे 1521 पर्चे केजरीवाल की सीट पर सबसे ज्यादा नामांकन

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग के अनुसार 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली के 70 निर्वाचन क्षेत्रों पर विधानसभा चुनाव के लिए कुल 1521 नामांकन दाखिल किए गए हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने कहा कि ये नामांकन पत्र दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 981 उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए हैं।

# सीएम नीतीश के बेटे ने पिता के लिए मांगे वोट; निशांत पहली बार जनता के बीच पहुंचे, दादा का भी किया जिक्र

**पटना ( एजेंसी )।** पटना जिले के बख्तियारपुर में स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान निशांत ने अपने दादा के योगदान का जिक्र करते हुए कहा, मेरे दादा स्वतंत्रता सेनानी थे। वह आजादी की लड़ाई में जेल भी गए थे।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने पिता के समर्थन में बयान दिया है। इससे राज्य की राजनीति में नई अटकलों को बल मिला है। अब तक राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले निशांत ने बिहार की जनता से आगामी चुनावों में नीतीश कुमार के समर्थन में वोट करने की अपील की है। उनकी यह अपील चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत मानी जा रही है।दरअसल, पटना जिले के बख्तियारपुर में स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान निशांत ने अपने दादा के योगदान का जिक्र करते हुए कहा, मेरे दादा स्वतंत्रता सेनानी थे। वह आजादी की लड़ाई में जेल भी गए थे। इसी वजह से मुख्यमंत्री ने उन्हें राजकीय सम्मान दिया है। निशांत अब तक राजनीति से दूर रहे हैं, लेकिन उनके ताजा बयान से अटकलें तेज हो गई हैं कि वह सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। हालांकि, नीतीश ने हमेशा वंशवाद की राजनीति से खुद को अलग रखा है। अगर निशांत राजनीति में आते हैं, तो बिहार में सत्ता संतुलन पर इसका असर पड़ सकता है। बिहार में आगामी चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।





# बिजली बाई रामलला का दर्शन कर खुद को समझती है धन्य



**कोरबा ।** भगवान राम के प्रति मेरी बचपन से ही आस्था थी। मैं सदैव भगवान को पूजती थी। अयोध्या में प्रभु राम के जन्मस्थान में जाकर रामलला का दर्शन मेरा सौभाग्य ही था कि मुझे इसके लिए एक रुपये भी खर्च नहीं करने पड़े। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जो व्यवस्थाएं की उसका हम कर्ज चुका नहीं सकते। यह गरीबो के लिए बहुत बड़ा उपहार है। अपने आराध्य देव का दर्शन करना हर किसी की इच्छा होती है। गरीबी और पैसे की कमी की वजह से हर कोई तीर्थ पर जा नहीं पाता। मुझे खुशी है कि मुझे अवसर मिला। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ की सरकार को धन्यवाद देती हूँ...यह कहना है वृद्धा बिजली बाई उपाध्याय का। जिन्होंने कुछ माह पहले ही रामलला दर्शन योजना का लाभ उठाया और दर्शन कर लौटने के बाद खुद को धन्य मान रही है। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में ग्राम जटगा बांधा पारा की रहने वाली बिजली बाई उपाध्याय ने बताया कि पति के मौत के बाद वह अकेले तीर्थ यात्रा पर जाने से संकोच करती है। उन्हें जब मालूम हुआ कि छत्तीसगढ़ की सरकार रामलला दर्शन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क में अयोध्या लेकर जा रही है तो उन्होंने भी अधिकारियों से जानकारी जुटा कर अपना आवेदन जमा किया। चूंकि वह अकेली नहीं जा सकती थीं इसलिए एक सहायक के रुप में भतीजी को भी रखा। घर से पोड़ी उपरोड़ा जनपद मुख्यालय तक पहुँचने के पश्चात बस की सुविधा दी गई थी। बिलासपुर रेल्वे स्टेशन पहुचने के बाद अन्य तीर्थ यात्रियों के साथ ट्रेन में सवार होकर सभी अयोध्या के लिए रवाना हो गए। बिजली बाई ने बताया कि ट्रेन में भी खाने आदि की व्यवस्था थी। ट्रेन में अन्य तीर्थ यात्रियों के साथ भक्तिभाव में झूमते गाते हुए हम सभी अयोध्या पहुँच गए। यहां ठहरने और खाने की नि:शुल्क व्यवस्था थी। सुबह तैयार होकर भगवान रामलला के दर्शन करने गए। भगवान राम को करीब से देखकर मन भावविह्वल हो गया। इस दौरान खुद को सौभाग्यशाली मानते हुए हमने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को भी बहुत धन्यवाद दिया। उनके द्वारा चलाये गए इस योजना से हमारी वर्षों की चाहत पूरी हो गई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास का लाभ लेने पात्र परिवार 31 मार्च 2025 तक जुड़वा सकेंगे नाम

**कोरबा ।** प्रधामनंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास का लाभ लेने के लिए पात्र परिवार सम्बन्धित ग्राम सचिव के पास 31 मार्च 2025 तक अपना नाम जुड़वा सकेंगे।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये जिले के समस्त ग्रामीण जनो को सूचित किया जाता हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास का लाभ लेने हेतु शासन के दिशा निर्देशानुसार पात्र परिवारों को आवास प्लस 2.0 एप में नाम जोड़ा जाना है। योजना का लाभ लेने हेतु पात्र परिवार अपने ग्राम पंचायत के सचिव के माध्यम से 31 मार्च 2025 तक नाम जुड़वा सकते हैं। निर्धारित मापदण्ड एवं पात्रता अनुसार आवास का लाभ दिया जायेगा।

# कलेक्टर ने जिला कार्यालय परिसर में पालना घर का किया शुभांरभ



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत बसंत द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में कामकाजी महिलाओं के 06 वर्ष तक के बच्चों के देखभाल व मनोरंजन हेतु प्रारंभ किए गए पालना घर का शुभांरभ किया गया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में बच्चों के खेल एवं मनोरंजन हेतु रखे हुए समाग्रियों का भी निरीक्षण कर केन्द्र के उचित एवं प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पालना घर में आने वालें बच्चों का अच्छे से ख्याल रखने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्री दिलदार सिंह मरावी सहित महिला व बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।जिले में पालना योजना अंतर्गत 08 पालना घरो का शुभारंभ किया गया है। जिसमें एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) एवं परियोजना कटघोरा के अंतर्गत पालना घर प्रारंभ किए गए है। इनमें कामकाजी महिलाओं के 06 वर्ष तक के बच्चों के देखभाल व मनोरंजन के लिए खिलौने एवं अन्य समाग्री का व्यवस्था किया गया है। साथ ही पालना घरों के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9926422577 से संपर्क किया जा सकता है।



## सीईओ जिला पंचायत ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

### गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यपालन अभियंता आरईएस एवं क्रियान्वयन एजेंसी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित स्टीमेट के अनुसार किया जाए। सीईओ ने मैदानी अमले को निर्देशित किया प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। सीईओ श्री नाग ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके निर्माण से प्लास्टिक जैसे विषैले पदार्थों से पर्यावरण दूषित होने से बचेगा। इसके साथ ही प्लास्टिक कचरा पृथकरण और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे जिससे उनका आजीविका संवर्धन होगा। निरीक्षण के दौरान श्री एस के जोगी ई आरईएस, सीईओ जनपद पंचायत कटघोरा श्री यशपाल सिंह, स्वच्छ भारत मिशन की टीम उपस्थित थी।

# कलेक्टर वसंत की पहल से रनई बसाहट के ग्रामीणों को बसाहट में मिलने लगी है राशन समाग्री

### ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने बसाहट में ही खाद्यान्न वितरित कराने के दिए थे निर्देश

### जनवरी 2025 से रनई के लोगों को गांव में ही मिल पा रही राशन

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें राहत पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अजीत वसंत की सराहनीय पहल से जिले के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित पहुंचविहीन बसाहट रनई के ग्रामीणों को उनके बसाहट में खाद्य विभाग द्वारा खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।
कलेक्टर के निर्देश का पालन करते हुए ग्राम पंचायत खिरटी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी के संचालक संस्था आदर्श महिला स्व सहायता समूह खिरटी द्वारा ट्रेक्टर के माध्यम से खाद्यान्न सामग्री का परिवहन कर ग्राम पंचायत खिरटी के आश्रित मोहल्ला रनई में माह जनवरी 2025 का खाद्यान्न सामग्री का वितरण पात्र राशनकार्डधारी परिवारों को किया जा रहा है। साथ ही आगे भी



आश्रित मोहल्ला रनई बसाहट में ही शासकीय उचित मूल्य दुकान खिरटी के संचालक संस्था द्वारा नियमित रूप से ग्रामीणों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि विगत माह कलेक्टर श्री वसंत द्वारा पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत खिरटी के आश्रित मोहल्ला रनई का निरीक्षण के दौरान राशनकार्डधारियों द्वारा कलेक्टर के समक्ष उचित मूल्य दुकान की दूरी बसाहट से 02 किमी से अधिक होने तथा बसाहट के निकटस्थ अन्य शासकीय उचित मूल्य दुकान नही होने के कारण राशन मिलने में होने वाली परेशानियों का जानकारी देते हुए बसाहट के समीप उचित मूल्य दुकान का उप केन्द्र संचालित कर राशन वितरण कराने हेतु निवेदन किया गया था। कलेक्टर श्री वसंत ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आमजनों की सुविधा के लिए बसाहट में ही राशन वितरण कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया था। कलेक्टर की इस सार्थक पहल से आमजनों को राहत मिला है। उन्होंने शासन प्रशासन के इस कार्य के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया है।

## केन्द्रीय अनुदान अंतर्गत नवीन अनुदान हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**कोरबा ।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के योजना अनुदान के अंतर्गत नवीन अनुदान हेतु अशासकीय संस्थाओं/गैर सरकारी संगठन के ऑनलाईन नवीन प्रस्ताव वर्ष 2024-25 पोर्टल पर अपलोड करने की तिथि दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 15.02.2025 तक निर्धारित की गई है।

# सामान्य भविष्य निधि ऋणात्मक शेष के समायोजन हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**कोरबा ।** कोरबा जिला के अंदर विभिन्न आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के अधीनस्थ एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का सामान्य भविष्य निधि ऋणात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है। ऋणात्मक शेष के समायोजन हेतु महालेखाकार रायपुर द्वारा 22 जनवरी से 24 जनवरी तक तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि अपने विभाग से संबंधित कर्मचारियों को सूचित करें एवं ऋणात्मक शेष के समायोजन के संबंध में सहयोग करें। यदि किसी कर्मचारी का ऋणात्मक शेष त्रुटि पूर्ण प्रदर्शित हो रहा हो तो संबंधित कर्मचारी अपने दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होकर उसकी जानकारी दे सकते हैं। ताकि उसकी सुधार की कार्यवाही की जा सके। जो सेवानिवृत कर्मचारी हैं उनके सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान का प्रकरण जो ऑनलाइन भेजा जाना है, अभी तक नहीं भेजे हैं और यदि उसमें किसी प्रकार की समस्या हो रही हो तो उसका भी निराकरण शिविर स्थल में करने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व में प्राप्त ऋणात्मक शेष की सूची के अनुसार कुछ कर्मचारियों का रिकवरी किया जा रहा है उनके अद्यतन स्थित शिविर स्थल में प्रस्तुत करने हेतु आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पी आर महादेव द्वारा बताया गया कि सेवानिवृत बहुत से कर्मचारियों का सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान हेतु प्रकरण महालेखाकार को नहीं भेजा गया है। शिविर स्थल में उसकी भी समीक्षा की जाएगी शिविर का आयोजन जिला कोषालय कोरबा में आयोजित होगी।

# कटघोरा क्षेत्र में ऑगनबाड़ी पालना कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की विभाग ने

**कोरबा ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा में पालना योजना के क्रियान्वयन हेतु 04 पालना (आंगनबाड़ी सह क्रेश) केन्द्रों की स्वीकृति प्राप्त हुआ है। इस योजना अंतर्गत पालना केन्द्रो के संचालन हेतु पालना कार्यकर्ता के 04 पद एवं पालना सहायिका के 04 पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। नियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदिकाएं निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र 20 जनवरी 03 फरवरी तक सीधे अथवा साधारण/पंजीकृत डाक से परियोजना कार्यालय कटघोरा में कार्यालयीन दिवसो में प्रात: 10 बजे से 5.30 बजे तक जमा कर सकते है। इस हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप परियोजना कार्यालय कटघोरा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। आवेदिकाओं को उसी ग्राम/वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिऐ आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र के नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा। आवेदिकाओं की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होना आवश्यक है । पालना कार्यकर्ता पद के लिये शैक्षणिक योग्यता 12 वीं एवं पालना सहायिका के पद के लिये 8 वीं होना चाहिये । आवेदन की शर्ते तथा प्रारूप परियोजना कार्यालय कटघोरा एवं नगर पालिका/नगर पंचायत के सूचना पटल एवं सभी संबंधित ग्राम/वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों के सूचना पटल पर उपलब्ध है। नियुक्ति के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## फ्लाई ऐश के अवैध परिवहन व निपटान को नियंत्रित करने व्हाट्सऐप हेल्प लाईन नंबर 9479287306 जारी

### आम नागरिक हेल्प लाईन के माध्यम से सीधे मंडल में कर सकते हैं अपनी शिकायत दर्ज

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कोरबा जिले में पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयासरत् है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, सेन्ट्रल जोनल बेंच, भोपाल द्वारा फ्लाई ऐश का परिवहन करने वाले वाहनों के द्वारा अवैध/अवैधानिक डम्पिंग की स्थिति में सभी वाहनां में जिला दण्डाधिकारी कार्यालय के हेल्प लाईन नंबर का उल्लेख किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है.उक्त निर्देश के परिपालन में फ्लाई ऐश के अवैध परिवहन और निपटान से संबंधित समस्याओं को प्रभावी ढ़ंग से नियंत्रित करने के लिए कार्यालय द्वारा व्हाट्सऐप हेल्प लाईन नंबर 9479287306 जारी किया गया है। हेल्पलाईन नंबर की सुविधा के माध्यम से आम नागरिक फ्लाई ऐश के अवैध परिवहन व अपवहन के संबंध में अपनी शिकायतां के साथ प्रमाणन हेतु फोटोग्राफ, विडियो, समय और स्थल की जानकारी सीधे मंडल पहुंचा सकते है।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर भर्ती हेतु 31 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के 76 पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से 31 जनवरी 2025 के सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत विवरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा के सूचना पटल एवं जिले के शासकीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पद की नियुक्ति हेतु चयन सूची जारी

**कोरबा ।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पद की दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची प्रकाशन कर 14 जनवरी तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची, अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। साथ जिले के शासकीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन में सर्वसंबंधितों के अवलोकनार्थ अपलोड कर दी गई है।

## डॉ. रिया गोयल को डॉक्टरेट की उपाधि

**कोरबा।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में कोरबा निवासी डॉ. रिया गोयल शर्मा को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. रिया, श्रीमान अमन शर्मा की पत्नी एवं श्री मनोज कुमार शर्मा और श्रीमती उषा(बाबला) शर्मा की बहू हैं।

इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. रिया ने सोशल मीडिया और उपभोक्ता व्यवहार के क्षेत्र में पीएचडी पूरी की है और वर्तमान में एएएफटी यूनिवर्सिटी ऑफ मीडिया एंड आर्ट्स में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने परिवार और गुरुजनों को दिया।

## सोनी हत्याकांड में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक ने लिया था अनूठा संकल्प, दोषियों के पकड़े जाने तक छोड़ा था कार्यालय जाना

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के कोरबा जिले में 5 जनवरी को सराफा व्यापारी गोपाल राय सोनी की हत्या मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार इस मामले में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने एक अनूठा संकल्प लिया था। उन्होंने तय किया कि जब तक आरोपी नहीं पकड़े जाएंगे, तब तक वे अपने कार्यालय में प्रवेश नहीं करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल में बैठकर लगातार 7 दिनों तक काम किया और अंतत: सभी हत्यारों को पकड़ने में सफलता हासिल की। इस मामले में पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला की टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने पहले ही पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक से मिलकर त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया था। पुलिस की इस सफलता पर जिला सराफा संघ के अध्यक्ष रामकुमार सोनी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन सहित कई व्यापारी प्रतिनिधियों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। व्यापारी समुदाय का मानना है कि पुलिस की इस कार्यवाही से अपराधियों में भय का संचार होगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा। छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने भी इस मामले में विशेष रुचि दिखाई। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस की त्वरित कार्यवाही से उनका विश्वास बढ़ा है और उन्हें सुरक्षा का एहसास हुआ है।

## श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने 78 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 31.81 करोड़ रूपए किये अंतरित

**कोरबा ।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में 78 हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में 31.81 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। प्रदेश सरकार प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्रम एस.एल. जांगड़े, श्रम कल्याण मंडल के सचिव अभिषेक पांडेय, उपायुक्त श्रम विभाग श्री पैकरा, सहायक श्रमायुक्त आर.के. प्रधान सहित श्रमिक उपस्थित थे।

आगामी शिक्षा सत्र से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना-श्रमिकों के बच्चों का होगा दाखिला इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के श्रमिकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसका सीधा लाभ श्रमिक भाई-बहनों को मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों को दाखिला दिलाया जाएगा, जिसका खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा। मजदूर का बच्चा मजदूर न रहे और पढ़ लिखकर अपना बेहतर मुकाम हासिल कर सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 17 सितंबर को राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीबीटी के जरिए श्रमिकों के खाते में राशि अंतरित की थी।

### अब तक 430 करोड़ 03 लाख रूपए की राशि की जा चुकी है जारी

पांचवीं बार श्रमिकों के खाते में राशि हस्तांतरित की जा रही है। प्रदेश मुख्यमंत्री की सोच है कि समय-समय पर शासन की योजनाओं का लाभ श्रमिकों को मिले इस दिशा में सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल-छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है की 17 सितंबर 2024 से 17 जनवरी 2025 तक 3 लाख 26 हजार श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 430 करोड़ 03 लाख रूपए अंतरित किये जा चुके हैं। उक्त कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत मुकुल कुमार साहू, कुमारी पल्लवी वर्मा, मुकेश तिवारी को 15-15 हजार रूपए, गौरव देवांगन को 3 हजार रूपए के सहायता राशि के चेक प्रदान किये गए। नि:शुल्क सायकल वितरण योजना प्रियंका फ्रांसिस 3706 रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत मंगली कोठले को 1 लाख रूपए एवं मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना खिरो नायक को 20 हजार रूपए का चेक प्रदाय किया गया।

## गेवरारोड से पेण्ड्रारोड रेल कॉरिडोर से लदान को मिलेगी रफ्तार, 135 किलोमीटर लंबी रेललाइन का किया जा रहा है निर्माण

**कोरबा।** गेवरारोड से पेण्ड्रारोड रेल कॉरिडोर से लदान को रफ्तार मिलेगी। गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच लगभग 135 किलोमीटर लंबी रेललाइन का निर्माण किया जा रहा है। करीब पांच साल से इस पर कार्य चल रहा है लेकिन लाइन का कार्य करीब 50 फीसदी ही पूरा हो सका है। रेल लाइन के अगले साल तक पूरा होने की संभावना है। रेल लाइन का निर्माण पूरा होने से कोरबा को कोयला परिवहन से बड़ी राहत मिलने की संभावना है। रेल प्रशासन और कोयला कंपनी की योजना गेवरा, दीपका और कुसमुंडा से होने वाले कोयला लदान को कटघोरा से पेण्ड्रा तक ले जाकर बिलासपुर-पेण्ड्रारोड मेनलाइन में जोडने की है।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**कोरबा ।** कोरबा यातायात पुलिस कोरबा ने 36वें सड़क सुरक्षा माह के तहत नेहरू युवा केंद्र के युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने कहा कि 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।
श्री राठौर ने यह भी कहा कि लाइसेंसधारी वाहन चालकों को दो पहिया वाहन पर सफर करते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सफर करते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से पहननी चाहिए। उन्होंने यह भी अपील की कि कभी भी नशे की हालत में वाहन न चलाएं। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के छात्र-छात्राओं ने यातायात पुलिस कोरबा के साथ मिलकर शहर के भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहों में ट्रैफिक को संतुलित करने के लिए अपना योगदान दिया।
श्री राठौर ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से जितनी भी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, उसमें सबसे अधिक संख्या युवाओं की ही होती है। इसलिए सड़क में वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए हमेशा सतर्क और सावधान रहें। यह अभियान सतत रूप से आगे भी जारी रहेगा। यातायात पुलिस कोरबा ने आम जनों से अपील की है कि वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से यातायात नियमों का पालन करें, ताकि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लग सके।
पुलिस ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 16 जनवरी को ओवर स्पीड के 15, मोडिफाइड सायलेंसरों और प्रेशर हॉर्न के 10, 185 एमवी एक्ट के 04 मामलों में कार्यवाही की गई। इसके अलावा अब तक 78,000 रुपए का समन शुल्क लिया गया।

# बार बार टल रहा मुख्यमंत्री का दौरा, क्या सौगात मिल सकेगी जिले को

**सक्ती।** मुख्यमंत्री की सभा के लिए टेंट, डोम, पंडाल और विभिन्न विभागों का स्टाल एक हफ्ते से लगकर तैयार है। यह भव्य पंडाल 9 जनवरी को पूर्ण हो गया। पूर्व में मुख्यमंत्री का आगमन 10 जनवरी को होना बताया जा रहा था, परंतु प्रोटोकॉल नहीं आने के कारण उम्मीद जताई जा रही थी कि 12 या 14 जनवरी को मुख्यमंत्री आने की संभावना है।

12 और 14 जनवरी के निकल जाने के बाद 16 जनवरी को आने की चर्चा जोरों पर है। 16 जनवरी को नहीं आने के चलते लोगों में भारी निराशा है। लाखों का खर्च से बनाया गया पंडाल 9 से 16 जनवरी तक टेंट के कर्मचारी वही रहकर टेंट की रखवाली कर रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों से पता चल रहा है कि उक्त टेंट की देख रेख व्यवस्था के लिए पुलिस आरक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। अब अधिकारी, आम नागरिक और ग्रामीण



मुख्यमंत्री विष्णु साय का बेसब्री से इंतजार करते हुए करोड़ों का भूमिपूजन और सक्ती जिले के लिए कोई नई घोषणा मुख्यमंत्री के आगमन पर करने की उम्मीद है ।

## नाली निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**सक्ती।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 17 में बाबू लाल यादव के घर से सोठी बॉर्डर तक नाली निर्माण लागत 4.30 लाख रुपए और अमीन किराना से महामाया ट्रेडर्स रेलवे केबिन तक 4.63 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन, पूर्व पार्षद मनोहर खूंटे, छाया पार्षद ताहिर खान, रामनारायण, शिव प्रधान, सुरेश खूंटे, पूर्व पार्षद मजीद खान, भानु बुधराम यादव, ठेकेदार संजय अग्रवाल, इंजीनियर तारकेश्वर नायक, शयन शुक्ला मौजूद रहे।



## नगर पंचायत अड़भार को स्वच्छता को मामले में आगे लाने की कोशिश



**सक्ती।** अड़भार धार्मिक नगरी होने के साथ-साथ जिले का प्रमुख धार्मिक स्थल है। इस शहर को स्वच्छ बनाने के लिए यहां नगर पंचायत प्रशासन निरंतर सक्रिय है, तो वहीं वर्तमान में ठंड के बावजूद तड़के सुबह से ही नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मचारी और स्वच्छता दीदियां इस काम में जुट गई गई हैं। अड़भार शहर के सभी वार्डों में सड़कों पर सड़क धूलमुक्त और कचरे से मुक्त किया जा रहा है। नालियों की सफाई कराई जा रही है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सुविधा शहरवासियों को मिलने लगी है। शहरवासियों का कहना है कि नगर पंचायत में कचरा नियमित उठाव होने से शहर की गंदगी साफ हुई है। गौरतलब है कि नगर पंचायत को स्वच्छता के मामले में पूरे प्रदेश में अग्रणी नगर पंचायत का दर्जा और सम्मान प्राप्त हो चुका है। अब कचरे के उठाव होने से शहर के तालाब भी सुंदर नजर आ रहे तो वहीं अड़भार शहर पूरे जिले में श्रेष्ठ नगर पंचायत के रूप में फिर पहचान बना सकता है।

## अकलतरा के महामाया मंदिर में चोरी,दान पेटी तोड़कर 2 लाख चुराए, जांच में जुटी पुलिस




**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा में स्थित प्रसिद्ध महामाया मंदिर में चोरी हुई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट की कुंडी तोड़कर दान पेटी से करीब 2 लाख रुपए उड़ा ले गए। घटना गुरुवार रात की है।

मंदिर के पुजारी ने रोजाना की तरह रात को मंदिर का गेट बंद कर ताला लगा दिया था। शुक्रवार सुबह जब वे पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तो गेट की कुंडी टूटी मिली। अंदर जाकर देखा तो दान पेटी का ताला भी टूटा हुआ था। जमीन पर कुछ सिक्के बिखरे पड़े थे, जबकि करीब 2 लाख रुपए के नोट गायब थे। अलकतरा थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज कराई गई है जिसके बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे है। अकलतरा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पंडित जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना में 14 तक आवेदन

**जांजगीर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना में 6 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की शुरुआत हो रही है। इसमें आवेदन करने के लिए राज्य का मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो व 5वीं में संचालित किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में नियमित अध्ययनरत हों, क्लास 4 की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक न हो वे ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी 14 फरवरी तक अपने विद्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं।आवेदन पत्र के साथ पालकों की सहमति, आयकर दाता न हो का प्रमाण पत्र संस्था से ग्रामीण अंचल में होने का प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी, जाति प्रमाण पत्र, अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना ?अनिवार्य होगा। विद्यार्थी जिस जिले का मूल निवासी हो (समक्ष प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर) उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी। मूल निवास जिले में किये गये आवेदन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने कहा कि विद्यालय प्रमुख द्वारा विद्यार्थियों के आवेदन का परीक्षण कर 20 फरवरी तक संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे।

# निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने कर्मियों को शुरूआती प्रशिक्षण दिया

**चांपा।** नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के तहत गुरुवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय चांपा में प्रथम चरण में पीठासीन और मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। नगरपालिका चांपा एवं नगर पंचायत सारागांव के लिए चुनाव में लगे 170 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी एक को मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव से सम्बन्धित प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एसडीएम नीरनिधि नन्देहा ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को सजगता से प्रशिक्षण लेने को कहा।

उन्होंने समस्त पीठासीन, मतदान अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों से कहा कि चुनाव एक संवेदनशील प्रक्रिया है। इसलिए जो दायित्व दिया गया है उसका अनुसरण करते हुए अपना कार्य तत्परता से करें। बीईओ एमडी दीवान ने कहा कि हर चुनाव अपने आप मे अलग अनुभव प्रदान करता है। प्रशिक्षण के दौरान मन मे किसी प्रकार की शंका होने पर प्रशिक्षकों से उसका समाधान करा लें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान कर्मियों का दायित्व बढ़ जाता है।



इसलिए पीठासीन एवं मतदान अधिकारी पूरे मतदान टीम का लीडर होता है। प्रशिक्षण से चुनाव की बारीकियों को समझ कर सजगता से चुनाव कराएंगे। इस अवसर पर तहसीलदार चांपा, सीएमओ चांपा, सीएमओ सारागांव, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार, सुशील शर्मा, सुरेश देवांगन, संदीप यादव सहित बीईओ बम्हनीडीह के कर्मचारी उपस्थित थे।

### डभरा क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज हुई


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SHANTANU SINGH S/O LATE, DARSHAN SINGH, निवासी VILL-MOHANPUR, POST-SUTRRA, TAH.-KATGHORA, DIST-KORBA (C.G.) PIN CODE-495445 यह शपथ करता हूं, कि मैंने अपना पुराना को त्याग कर नया नाम SHANTANU SINGH S/O LATE, DARSHAN SINGH रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये SHANTANU SINGH S/O LATE, DARSHAN SINGH नाम से ही पहचाना जावे।

SHANTANU SINGH
VILL-MOHANPUR, POST-SUTRRA, TAH.- KATGHORA, DIST-KORBA (C.G.)



**न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

202411050600039
रा.प्र.क्र.-/अ-6/2024-25
ग्राम- रिसदा, प.ह.नं.-14

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुमानेश्वर राजपूत पिता होतीलाल राजपूत वगैरह निवासी फ्लैट नंबर 201 सेकेण्ड फ्लोर ततास्तु रिवीएरा जयराम नगर डावेलिम साउथ गोवा द्वारा ग्राम रिसदा प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. पाढीमार स्थित भूमि ख0नं0 382/2 में से रकबा 0.05 ए./0.020 हे. को विक्रेता बसंत दास पिता लच्छन दास वगैरह जाति पनिका निवासी देवरी खाल्हेपारा बांकीमोंगरा की ओर से आम मुख्तियार चोलेश्वर सोनी पिता लक्ष्मीनारायण सोनी निवासी शांतिनगर बालको से पंजीकृत बैनामा विलेख दिनांक 16/03/2022 को क्रय करने पश्चात् उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत् छ0ग0भू0रा0 संहिता की धारा 109, 110 के तहत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या सस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 22/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 30/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)


# किसान बोले-खरीदी केंद्र में धान बेचने पर लग रहे पैसे

**दुर्ग।** एक तरफ सरकार किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्हीं किसानों से धान क्रय केंद्रों पर धान बेचने पर कमीशन लिया जा रहा है। यह मामला दुर्ग जिले के धमधा धान खरीदी केंद्र का है।

दरअसल, किसानों ने आरोप लगाया है कि, केंद्र में धान तौलाने के एवज में हर बोरे पर 5-10 रुपए लिया जा रहा है। किसानों ने यह बात वीडियो में कहा है, लेकिन धान खरीदी केंद्र के जिम्मेदार इसे मानने के लिए तैयार नहीं है। धान खरीदी केंद्र धमधा के समिति प्रभारी अजय कुमार ताम्रकार और सुपरवाइजर संजय दल्लीवार इसे मजाक में ले रहे हैं। उन्होंने यह दावा किया कि धान बेचने के एवज में किसान से कोई कमीशन नहीं लिया जा रहा है। अगर किसान अपनी खुशी से धान तौलने वाले को रुपए दे रहा है, तो वो क्या कर सकते हैं। हर दिन हजारों क्विंटल से अधिक धान की खरीदी।जबकि धान खरीदी केंद्र की जमीनी हकीकत यही है कि, वहां उसी किसान का धान सही से तौला जाता है, जो तौल करने वाले को प्रति बोरा 5-10 रुपए के एवज रुपए देता है। पैसे नहीं देने वाले किसान को या तो तौल के लिए कई घंटे या दिन इंतजार कराया जाता है या फिर उसकी तौल सही से ना करते हुए कम तौला जा रहा है। धमधा विकास खंड मुख्य-रूप से खेती किसानी वाला क्षेत्र है। यहां धान खरीदी केंद्र में हर दिन 3-4 हजार क्विंटल धान बेचने के लिए किसान पहुंच रहे हैं।



## कथा के पहले प्रभात फेरी निकाल देवी-देवताओं को दिया गया न्योता

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा शबरी डेरा में नवधा रामायण कथा के शुभारंभ से पहले प्रभात फेरी निकाली गई। दरअसल नवधा रामायण समारोह के पूर्व ही ग्राम के देवी देवताओं को न्योता दिया जाता है और देवी देवताओं के सामने मत्थे टेक कर नारियल, सुपाड़ी चढ़ा कर कार्यक्रम सफल बनाने की मनो कामना करते है। ताकि किसी भी प्रकार की विघ्न बाधा ना हो साथ ही भजन कीर्तन करके देवी-देवताओं को न्योता देकर प्रसन्न करते है। ऐसा माना जाता है कि यदि ग्राम की देवी देवता खुश रहते है तो आयोजन भी पूरी तरह से सफल होते है और होने वाली बाधाएं भी दूर हो जाती है। शबरी डेरा मोहल्ला में 18 जनवरी दिन शनिवार से नवधा रामायण कथा प्रारंभ होगा।

# असिस्टेंट इंजीनियर प्रतीक को सम्मानित कर विदाई दी गई



**शिवरीनारायण/तुस्मा।** शिवरीनारायण संबोधित उपसंभाग के असिस्टेंट इंजीनियर प्रतीक भगत का ट्रांसफर रायपुर हो गया है। ट्रांसफर होने पर स्टॉफ ने विदाई समारोह का आयोजन किया। विगत दो वर्ष तक असिस्टेंट इंजीनियर प्रतीक भगत द्वारा शिवरीनारायण उपसंभाग में सेवा दी है। प्रतीक भगत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा ?कि हर कर्मचारियों का सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि जीवन में हजारों समस्या जाएगी लेकिन उस समस्या के सामने यदि परिवार का भरपूर सहयोग मिल गया तो समझो कोई भी परेशानी रहे उसे घुटना टेकना ही पड़ता है। उन्होंने कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

कनिष्ठ यंत्री नरेश नेताम ने बताया कि कही भी कोई समस्या आती थी वहां भगत सर का विशेष योगदान रहता था। उनके माध्यम से बहुत अनुभव मिला। जेई वंदना ध्रुव कहा कि भगत सर का जिस तरह से अनुभव था उसे हम कभी नहीं भूल सकते है। इस अवसर पर असिस्टेंट इंजीनियर प्रतीक भगत, कनिष्ठ यंत्री नरेश नेताम, वंदना ध्रुव, लाईन इंस्पेक्टर कुंदन सिंह नेताम, लाईन मेन रामकुमार साहू, वीरेंद्र बंजारे, जानिक साहू,असीम कुर्रे,हरदीप भारद्वाज, शरद कुमार मांझी, सुकदेव साहू एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

मुख्य कार्यालय - संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288-222672, फैक्स :- 07759-221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./15/संपदा/2025 कोरबा, दिनांक 16.1.25

**मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स का आबंटन हेतु संशोधित निविदा आमंत्रण की सूचना**

मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स की कुल 10 दुकान (प्रत्येक दुकान का, क्षेत्रफल 120 वर्गफीट) के नियमित रूप से रख-रखाव के साथ-साथ संचालन हेतु जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मासिक किरायेदारी पर यथा-स्थिति आबंटन शर्तों के तहत 11 माह की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये 1,400/- (चौदह सौ रूपये) पर उच्चतम मासिक किराये ऑफर की निविदा आमंत्रण करने के संबंध में दिनांक 10.01.2025 को दैनिक समाचार पत्र नवभारत पत्रिका, तरूण छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय विजय मेल में आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में निविदा प्रपत्र प्राप्ति दिनांक 10.02.2024 एवं सुरक्षा राशि रू. 30,000/- (तीन हजार रूपये) अंकित है जिसके स्थान पर निविदा प्रपत्र प्राप्ति दिनांक 10.02.2025 एवं सुरक्षा राशि रू. 30,000/- (शब्दो में तीस हजार रूपये) पढ़ा जावे। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

प्र. संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)


## टीसीएल कॉलेज के नए प्राचार्य डॉ. लहरे का छात्रों ने किया स्वागत

**जांजगीर।** शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. दूजेराम लहरे ने नए प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला। उनके इस पदभार ग्रहण करने पर कालेज के छात्रों एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। छात्रों ने डॉ. लहरे का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के विकास और छात्रों की समस्याओं के समाधान में उनके कुशल नेतृत्व की आशा व्यक्त की। डॉ. लहरे ने छात्रों और महाविद्यालय के सभी सदस्यों को साथ लेकर शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एनएसयूआई के कार्यकर्ता चेतन देवांगन, देवेन्द्र गढ़ेवाल, हर्ष शुक्ला, राहुल खरे, देवेश, राहुल साहू, अक्षत तिवारी, कमल सिंह मरावी, सुजल राठौर समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।




**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-II/W/TN-12/25/183 Marwa, dtd.16-01-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-12/2025 :-**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) From experinced frims for work as mentioned below for 2X500 MW ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-II/W/ T-14/25 | 8100041257 | Work Contract for Deployment of 07 Nos. Computer Typist for Officials working under administrative control of Addl CE(O&M) ,of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 14.02.2025 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 12650/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-IV/W/ T-15/25 | 8100041211 | Supply and fitting of Diversion/Divider plate in Coal Nozzle Pipe of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 14.02.2025 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 14900/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

S-42831/3


## दो से हटाए छह अवैध कब्जे

**जांजगीर।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को सूचना मिलने पर नगर पालिका के सीएमओ प्रहलाद पांडे और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और बुलडोजर चलाकर छह अवैध निर्माण को तोड़ दिया है। गौरतलब है कि शहर के आसपास सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे बढ़ गए हैं। ऐसे में प्रशासन ने उनके खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। इसी अभियान में वार्ड नंबर 2 में अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया था, पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। ऐसे में मौके पर पहुंचकर टीम ने कार्रवाई की।

# जेवरीडीह और छोटे भण्डार स्कूल में न्योता भोज का आयोजन हुआ

**रायगढ़।** शासकीय प्राइमरी स्कूल छोटे भण्डार, जेवरीडीह और आंगनबाड़ी के बच्चों को न्योता भोजन का आयोजन शिक्षक सुदर्शन सिदार व उनकी शिक्षिका पत्नी पुष्पलता सिदार ने अपनी बेटी सुदीक्षा के जन्मदिवस पर किया। इस दौरान बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया। बच्चों को अण्डा, दाल, मिठाई, केला, टमाटर चटनी, पापड़, सलाद व पोषक आहार खिलाए गए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पोषण शक्ति के तहत स्कूल के बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से न्योता भोज को मध्याह्न भोजन योजना में शामिल किया गया है जिससे लोगों द्वारा जन्मदिन, वैवाहिक समारोह, गृह प्रवेश या अन्य किसी खुशी के मौके पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया जाता है। छोटे भण्डार के प्रधान पाठक सरोजनी चौहान व जेवरीडीह के प्रभारी प्रधान पाठक भुवनेश्वर सिदार भी शामिल हुए।



## ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिशु संरक्षण माह की शुरुआत 21 जनवरी से होगी

**रायगढ़।** जिले में शिशु संरक्षण माह का आयोजन 21 जनवरी से 21 फरवरी तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में किया जाएगा। अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा और 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप पिलाने की योजना है। विटामिन ए की खुराक प्रत्येक 6 माह में एक बार देने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वास संक्रमण, बुखार एवं कुपोषण जैसी बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। इस अभियान के तहत जिले के 1 लाख 10 हजार 359 बच्चों को विटामिन ए की दवा एवं 1 लाख 16 हजार 851 बच्चों को आयरन सिरप पिलाई जाएगी।



## 2 बाइक भिड़ीं, 2 युवक घायल

**जांजगीर।** सुकली नहर के पास शुक्रवार की सुबह दो आमने-सामने आ रही दो बाइकों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर नीचे गए, इसी बीच नवागढ़ की ओर रही ट्रक बाइक को घसीटते हुए निकल गई। हालांकि इस दुर्घटना को बाइक सवार तीनों लोग बाल-बाल बच गए और उन्हें मामूली चोटें आई है। मामला जांजगीर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार मुलमुला थाना अंतर्गत अमोरा निवासी दुर्गेश कुमार एक प्राइवेट कंपनी में सेल्समैन है। वह 17 जनवरी की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 बीएम 0388 से नवागढ़ की ओर जा रहा था। वह सुकली नहर के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 11 एनएच 7657 की बाइक से आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना से बाइक में सवार लोग उछलकर सड़क से नीचे गिर गए। इसी बीच नवागढ़ की ओर रही तेज रफ्तार ट्रक ने दुर्गेश की बाइक को घसीटते हुए कुछ दूर ले गई, हालांकि इस दुर्घटना दुर्गेश और दूसरी बाइक में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई है। इधर दुर्घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है।

## अनमोल वचन......

यदि मैं अपनी प्रशंसा सुनकर खुश होता हूँ तो निन्दा से मुझे दुःख भी अवश्य होगा।

# निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार

समस्या बनी रही यह समझ है कि सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो। केंद्र के डिजिटल निजी डेटा संक्षरण ( डीपीडीपी ) विधेयक प्रारूप को लेकर पैदा हुए अंदेशों के पीछे एक वजह तो वर्तमान सरकार के पुराने रिकॉर्ड से पैदा हुआ अविश्वास है। समाज के एक बड़े हिस्से में धारणा गहरे बैठी हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार नागरिक जीवन के हर पहलू पर शिकंजा कसना चाहती है। बहरहाल, धारणाओं को छोड़ दें और आम जन की राय मांगने के लिए सार्वजनिक किए गए प्रारूप पर ध्यान दें, तो भी ये नहीं लगता कि सरकार का मकसद निजी डेटा पर व्यक्तियों के अधिकार को मजबूती प्रदान करना है। बल्कि लगता है कि वह सारे डेटा पर अपना नियंत्रण अधिक मजबूत करना चाहती है। इसका एक प्रमुख पहलू डेटा को देश से विदेश ले जाने को नियंत्रित करना है। प्रावधान किया गया है कि जो कंपनियां यूजर्स डेटा हासिल करती हैं, उन्हें देश का डेटा देश के अंदर ही रखना होगा। हालांकि सरकार की तरफ से यह सफाई भी दी गई है कि इस प्रावधान को सिर्फ कुछ जरूरी मामलों में लागू किया जाएगा। वे मामले कौन-से होंगे, इसका निर्णय संबंधित मंत्रालय करेंगे। आज दुनिया भर में ट्रेंड डेटा को देश में रखने के लिए कंपनियों को मजबूर करने का है। मगर उसके साथ ही डेटा पर पहला अधिकार संबंधित व्यक्ति का है, यह सिद्धांत भी तेजी से स्वीकार्यता हासिल करता गया है। मगर भारतीय प्रारूप में इस निर्णय का अधिकार सरकार हासिल करती दिखती है। एक अन्य प्रमुख प्रावधान बच्चों के इंटरनेट उपयोग से पहले माता-पिता की स्वीकृति को अनिवार्य बनाना है। यह कैसे होगा, इसकी जिम्मेदारी डेटा हासिल करने वाली कंपनियों पर डाल दी गई है। कंपनियों के मुताबिक यह बेहद मुश्किल काम है। कई विकसित देशों में भी इसे सुनिश्चित करना कठिन बना रहा है। वैसे इस प्रावधान के पीछे मकसद अच्छा है। लेकिन कुल समस्या प्रारूप को लेकर बन रही यह समझ है कि इसके जरिए सरकार को हर तरह के डेटा पर अपना स्वामित्व बनाने का प्रयास कर रही है। जबकि बेहतर यह होगा कि नया कानून बनाने के इस अवसर का उपयोग नागरिक अधिकारों के संरक्षण की अवधारणा के मुताबिक हो।

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे । मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुये काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए संतोषजनक साबित होगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा ।

सिंह राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारू रूप से पूरे होते जायेंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जायेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है । ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका कोई इम्पोर्टेन्ट काम बन जायेगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

धनु राशि- आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा। पिछले कुछ समय से जिनसे आपकी अनबन चल रही है, वह आज दूर हो जाएगी। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा। आज जो जिम्मेदारी आपको मिले तो उसे स्वीकार करें।

# परमाणु हथियारों के अवैधानिक हस्तांतरण

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

**पाकिस्तान के परमाणु बम के निर्माता अब्दुल कादिर खान के बारे में कहा जाता है कि इस शख्स ने परमाणु बम बनाने की तकनीक को उन देशों तक पहुंचा दिया जहां से आतंकवादी संगठन, आपराधिक समूह या अन्य अस्थिर समूह परमाणु सामग्री का उपयोग करके पूरी दुनिया में विनाशकारी हमले कर सकते हैं। सीआईए के पूर्व निदेशक जॉर्ज टेनेट ने एक बार कहा था कि खान उतना ही खतरनाक है, जितना कि ओसामा बिन लादेन। अब्दुल कादिर खान अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने लीबिया, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे अस्थिर और अधिनायकवादी देशों को परमाणु तकनीक और सामग्रियों का अनधिकृत हस्तांतरण करके वैश्विक सुरक्षा को संकट में डाल दिया।**

डॉ. खान ने 1990 के दशक के अंत से 2003 तक लीबिया को गुप्त रूप से सेंट्रीफ्यूज प्लांट और परमाणु हथियार डिजाइन की आपूर्ति की जिससे वहां हथियार कार्यक्रम बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने 1990 के दशक में उत्तर कोरिया और ईरान को सेंट्रीफ्यूज तकनीक भी हस्तांतरित की थी। 1990 में ही खान की परमाणु प्रयोगशाला ने कथित तौर पर इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को पत्र भेजा था जिसमें परमाणु सेंट्रीफ्यूज बनाने में सहायता की पेशकश थी।

एक बार फिर पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठान से जुड़े घटनाक्रम पर दुनिया की नजर है। दरअसल, ऐसी खबरें सामने आई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर सक्रिय आतंकी समूह तहरीक-ए-तालिबान ने कुछ पाकिस्तानी वैज्ञानिकों का अपहरण कर लिया है। इन परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण खैबर पख्तूनख्वा से किया गया है। पाकिस्तान की सेना, आईएसआई और वहां की सरकार की विसनीयता को लेकर अमेरिका समेत दुनिया भर में अविश्वास रहा है लेकिन इसके बावजूद इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया भर के आतंकी संगठन परमाणु बम बनाने की तकनीक प्राप्त करना चाहते हैं, इनमें अल-कायदा और आईएस का नाम सबसे ऊपर है। कम से कम दो पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों ने 2000-01 में अल-कायदा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, हालांकि अभी तक साबित नहीं हो पाया है कि उन्होंने परमाणु संबंधी जानकारी साझा की थी। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर वैश्विक चिंताएं रही हैं। 2008 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद अलबरदेई ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में अपनी आशंकाएं व्यक्त की थीं लेकिन पाकिस्तान ने उनकी चिंताओं को खारिज कर दिया और दोहराया था कि उसका परमाणु शस्त्रागार सुरक्षित है।

पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों और हथियारों की सुरक्षा वर्ष 2000 से देश के प्रमुख परमाणु संस्थान राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण (एनसीए) के एकीकृत नियंत्रण में है, जो दस सदस्यीय निकाय है। इसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, रक्षा, आंतरिक और वित्त मंत्री, सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक और सेना, वायुसेना और नौसेना के कमांडर शामिल हैं। परमाणु तैनाती के बारे में निर्णय लेने की शक्ति एनसीए के पास है। इसके अध्यक्ष, जो पाकिस्तान के राष्ट्रपति हैं, अंतिम वोट देते हैं। सेना, वायुसेना और नौसेना में से प्रत्येक के पास एक सामरिक बल कमान है, जो परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना, नियंत्रण और निर्देशों के लिए जिम्मेदार है। सामरिक योजना प्रभाग एनसीए के सचिवालय के रूप में कार्य करता है। परमाणु क्षमता के विकास एवं प्रबंधन का प्रभारी है और दिन-प्रतिदिन नियंत्रण रखता है। पाकिस्तान में फौज का सभी संस्थानों पर गहरा नियंत्रण है, और सेना के अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर वहां कोई स्वतंत्र और पारदर्शी निकाय काम नहीं करता है।

यह भी दिलचस्प है कि पाकिस्तान के प्रमुख मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने पाकिस्तान की सेना पर यूरेनियम की चोरी को ईरान को तस्करी के बड़े षड्यंत्र के तहत अंजाम देने का आरोप लगाया है। मिर्जा ने दावा किया है कि पाकिस्तान की सेना लंबे समय से गुप्त रूप से परमाणु प्रौद्योगिकी बेचती रही है, जिससे वैश्विक सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से इस घटना की स्वतंत्र जांच की अपील की है।

पिछले साल जुलाई में खैबर पख्तूनख्वा गृह विभाग ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक यात्रा सलाह जारी की थी, जिसमें बढ़ती आतंकी गतिविधियों के कारण टैंक, डेरा इस्माइल खान, लक्की मारवात और बन्नू जैसे क्षेत्रों में बढ़ते जोखिमों की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी वैज्ञानिकों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात नहीं किए गए। खैबर-पख्तूनख्वा पाकिस्तान का सूबा है। इसे सूबा-ए-सरहद के नाम से भी जाना जाता है जो अफगानिस्तान की सीमा पर स्थित है। इसके दक्षिण में बलूचिस्तान है। बलूचिस्तान और खैबर-पख्तूनख्वा, दोनों प्रांतों में गहरी अशांति है, और आतंकी संगठन पाकिस्तान की सेना पर हमले करते रहते हैं। इन क्षेत्रों में कई कबाइली संगठन भी सक्रिय हैं, और भौगोलिक परिस्थितियां इतनी जटिल हैं कि मुजाहिद्दीनों से निपटने में पाकिस्तान की सेना नाकाम है।

पाकिस्तान की सेना में धार्मिक संगठनों और कट्टरपंथ का गहरा प्रभाव है तथा आतंकी संगठनों को लेकर गहरे मतभेद हैं। पाकिस्तानी सेना के कई पूर्व अधिकारी तालिबान, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों को प्रशिक्षित करने में भूमिका निभाते रहे हैं। परमाणु हथियारों और उनसे संबंधित सामग्री की सुरक्षा के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा उपायों का पालन किया जाता है, जिनमें अत्याधुनिक निगरानी, चौकस सुरक्षा बल और अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान अपने हथियार कार्यक्रम के कारण परमाणु अप्रसार संधि से बाहर है, इसलिए उसे परमाणु संयंत्र या सामग्री के व्यापार से काफी हद तक बाहर रखा गया है। पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम जितना रहस्यमय रहा है, उससे ज्यादा खतरनाक पाकिस्तानी की परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर बदनीयती रही है। राजनीतिक अस्थिरता, आतंकवादी संगठनों, सेना के प्रभाव और धार्मिक कट्टरपंथ से अभिशप्त तथा परमाणु हथियारों के अवैधानिक हस्तांतरण में शामिल पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय जगत को गंभीरता से विचार करना होगा।

# बेरोजगारी और भी बढ़ेगी

कुमार समीर

**इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक साल पहले युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी और अब निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रमण्यम ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि कामगारों को हफ्ते में 90 घंटे काम करने को तैयार रहना चाहिए। इतने पर ही नहीं रु के, आगे कहा कि एक्स्ट्रा रिजल्ट के लिए एक्स्ट्रा काम करना होगा और इसके लिए रविवार को भी काम करना चाहिए। आखिर, घर में रह कर मजदूर बीवी का मुंह कितनी देर तक निहारते रहेंगे। अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदानी ने भी उनकी बातों का समर्थन करते हुए कहा कि अगर काम ही नहीं रहा तो बीवी घर से भाग जाएगी और फिर क्या होगा?**




एल एंड टी के चेयरमैन के बयान के बाद देश में फिर से मजदूरों के काम के घंटे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कॉरपोरेट जगत के अंदर भी इसका विरोध हो रहा है। आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की आलोचना करते हुए कहा, एक हफ्ते में 90 घंटे काम? रविवार को सन-ड्यूटी' क्यों न कहा जाए और छुट्टी' को एक मिथकीय अवधारणा क्यों न बना दिया जाए! वर्क-लाइफ बैलेंस वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी है। यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब भारत में पहले से ही लोग सबसे ज्यादा काम करते हैं, तो क्यों कामगारों के घंटे बढ़ाने की बात उठती रहती है? अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय सबसे ज्यादा काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति सप्ताह 46.7 घंटे, चीन में 46.01, ब्राजील में 39, अमेरिका में 38, जापान में 36.6, इटली में 36.3, ब्रिटेन में 35.5, फ्रांस में 35.9, जर्मनी में 34.2 और कनाडा में 32.5 घंटे मजदूरों से काम कराया जाता है। इन आंकड़ों के बावजूद भारत में काम के घंटे बढ़ाने के लिए जब-तब शिगूफा छोड़ा जाता रहा है।

सच तो यह है कि पूरी बहस को इसलिए संचालित किया जा रहा है ताकि मोदी सरकार द्वारा मार्च, 2025 में लाए जाने वाले लेबर कोड, जिसमें काम के घंटे 12 कर दिए जाने हैं, की सामाजिक स्वीकृति हासिल की जा सके। इसके लिए बीच-बीच में इस तरह की चर्चाएं शुरू करवाने का ताना-बाना बुना जाता है। सच तो यह है कि दुनिया में काम के घंटे बढ़ाने के तकरे के विरुद्ध आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में काम के घंटे कम करने की कवायद- कार्रवाई हो रही है। तमाम देशों में सप्ताह में चार दिन काम की पद्धति शुरू हुई है। जूम के मालिक एरिक युवान जैसे एआई इनोवेटर्स का मानना है कि एआई हर कंपनी के लिए चार दिन का कार्यसप्ताह हासिल करने की कुंजी होगा। उनके अनुसार चार दिन के वर्किंग में 92 प्रतिशत की सफलता दर है। जापान जैसे देशों में काम के घंटे लगातार कम किए जा रहे हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां जापान में वर्ष 2000 में 1839 घंटे सालाना काम के थे वहीं उसे 2022 में घटा कर 1629 घंटे सालाना कर दिया गया। इससे लगभग वार्षिक काम के घंटे में 11.6 प्रतिशत की गिरावट आई। बेल्जियम, आइसलैंड, यूएई, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों में चार दिन के कार्य दिवस सप्ताह में कर दिए गए हैं। जापान की रिक्रूट वर्क्?स इंस्टिट्यूट के विश्लेषक ताकाशी सकामोटो के निष्कर्ष के अनुसार, देश में अब कई यूरोपीय देशों की तरह काम के घंटे कम किए जा रहे हैं।

ऑटोनॉमी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ंआर्टफशियल इंटेलिजेंस आने के बाद ब्रिटेन में 88 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों के काम के घंटे 10 प्रतिशत तक कम कर रही हैं यानी कुल मिला कर कहा जाए तो दुनिया में काम के घंटे कम करने की दिशा में काम हो रहा है वहीं भारत, जहां पहले से ही काम के घंटे ज्यादा हैं, में उन्हें बढ़ाने की वकालत की जा रही है। दरअसल, देश में भीषण बेरोजगारी और महंगाई में मजदूरों की मजबूरी का फायदा उठा कर काम के घंटे 12 करने का कानून बनाया जा रहा है। दुखद यह है कि इस सबसे उत्पादन क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

संवैधानिक दृष्टि से देखें तो काम के घंटे बढ़ाने को जो कुछ भी किया जा रहा है, वह स्पष्ट तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, 42 और 43 का उल्लंघन है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में ही व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है, जिसकी मौलिक अधिकार और नीति-निर्देशक तत्वों में व्याख्या की गई है। अनुच्छेद 42 जहां काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं के लिए राज्य की जवाबदेही तय करता है वहीं अनुच्छेद 43 मजदूरों को काम, निर्वाह मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर और अवकाश की संपूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशाएं, सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर प्राप्त करने के लिए राज्य को जिम्मेदार बनाता है। ंआर्टफशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब भारत में काम के घंटे बढ़ाने के कारण बेरोजगारी और भी बढ़ेगी, यह तय है।

## तस्वीरों की दुनिया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल और साहसिक पुरस्कार 2024 के दौरान विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया.



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के पांचवें दिन त्रिवेणी संगम पर किन्नर अखाड़ा के सदस्य अनुष्ठान करते हुए।




शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्यों ने अमृतसर में अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का दौरा किया.



एनडीए संसदीय बोर्ड ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में देवली (एससी) सीट के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से दीपक तंवर की उम्मीदवारी को मंजूरी दी।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के पांचवें दिन त्रिवेणी संगम के पास एक शिविर में किन्नर अखाड़ा की एक सदस्य तस्वीर के लिए पोज देती हुई।

# सिंह, शर्मा, मिश्र व सिन्हा सरनेम ने बढ़ाई मुश्किलें, जनगणना से पहले सरकार कैसे सुलझाएगी जातीय गणना की गुत्थी ?




**नई दिल्ली।** वर्ष 2021 की लंबित जनगणना शुरू करने के पहले सरकार के सामने जातीय जनगणना की गुत्थी सुलझाने की सबसे बड़ी चुनौती होगी। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों के साथ-साथ जदयू जैसे अहम सहयोगी दल भी जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं।भाजपा ने बार-बार साफ किया है कि वह जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं है। मगर सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल है कि जातीय जनगणना कैसे कराई जाए?2011 में संप्रग की मनमोहन सरकार द्वारा कराई गई जातीय जनगणना के अनुभव अच्छे नहीं है। ऐसे में रास्ता सुझाने के लिए सरकार इस मुद्दे पर विपक्ष समेत सभी दलों से संपर्क कर सकती है। इसमें एक सुझाव सर्वदलीय समिति गठित करने का भी आ रहा है। सरकार के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि जातियों की गणना कैसे कराई जाए?2011 के जनगणना के दौरान सामाजिक, आर्थिक और जातीय जनगणना के आंकड़े जुटाने के लिए लोगों को अपनी-अपनी जाति बताने का अवसर दिया गया था। लोगों ने अपनी-अपनी जातियां बताई, उसके अनुसार 2011 में 46.80 लाख से अधिक जातियां थी। जबकि 1931 की जनगणना में सिर्फ 4147 जातियां दर्ज की गई थी। इतनी बड़ी संख्या में जातियों में से ओबीसी जातियों का ढूंढना संभव नहीं था।पहले मनमोहन सिंह सरकार और बाद में मोदी सरकार ने इनमें से ओबीसी जातियों को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। आखिरकार जातीय जनगणना के इन आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं करने का फैसला किया गया। जाहिर है नए सिरे जातीय जनगणना कराने की स्थिति में ओबीसी जातियों की स्पष्ट पहचान का फार्मूला निकालना जरूरी है।उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पूरे देश में जातियों की अलग-अलग पहचान के लिए कोई भी फॉर्मूला सटीक नहीं है। जातियों की पहचान के लिए सरनेम को सबसे बेहतर तरीका माना जाता है। मगर समस्या यह है कि कई लोगों ने अपना सरनेम अपने गांव के नाम पर रख लिया है।जैसे अकाली दल नेता सुखबीर सिंह बादल या भाजपा नेता पुरुषोत्तम रुपाला। सुखबीर सिंह जट सिख हैं और बादल उनके गांव का नाम है। इसी तरह से पुरूषोत्तम कड़वा पटेल हैं और रूपाला उनके गांव का नाम है।इसी तरह से बिहार और उत्तर प्रदेश की भूमिहार जाति सिंह, शर्मा, मिश्र, सिंन्हा समेत कई सरनेम लगाते हैं। जाहिर है सरनेम के आधार पर उनकी जाति का निर्धारण नहीं किया जा सकता है। यहीं नहीं, 2011 की जाति जनगणना के दौरान सिर्फ महाराष्ट्र में 10 करोड़ लोगों में से 1.10 करोड़ यानी 11 फीसद लोगों ने अपनी कोई जाति नहीं बताई थी। इनमें बड़ी संख्या में ओबीसी जातियों के लोग भी हो सकते हैं।जाति जनगणना की इस विसंगति को दूर करने के लिए एक विकल्प के रूप में लोगों को खुद अपनी जाति जनगणना के दौरान बताने का मौका देने का तर्क दिया जा रहा है। लेकिन ओबीसी में आना किसी व्यक्ति को कई सरकारी लाभों का हकदार बना देता है। ऐसे में हर व्यक्ति खुद को ओबीसी बताने की कोशिश करेगा। जाहिर है लोगों को खुद अपनी जाति निर्धारित करने का विकल्प देने से नई समस्याएं खड़ी हो जाएंगी।एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जाति जनगणना का मांग करना आसान है, लेकिन सचमुच में इसे कराना उतना ही मुश्किल है। ऐसे में जातीय जनगणना की मांग करने वाले नेताओं और दलों को इसका रास्ता सुझाने की जिम्मेदारी सौंपना बेहतर होगा।दरअसल, अभी तक जनगणना के साथ-साथ सिर्फ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गणना होती रही है। देश में जातीय जनगणना अंतिम बार 1931 में हुई थी। ओबीसी को मिल रहा मौजूदा आरक्षण 1931 की जातीय जनगणना के आधार पर ही है।

## जैसलमेर में मृत मिले पक्षियों में पाया गया बर्ड फ्लू, इंसानों को भी खतरा, प्रशासन अलर्ट



**जयपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती जैसलमेर जिले में मृत मिले कूरंजा पक्षियों में एच5एन1 एवियन फ्लू (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। पुष्टि होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है।बर्ड फ्लू के पशुओं और इंसानों में फैलने से रोकने के लिए मृत मिले कूरंजा पक्षियों को दफन किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कूरंजा पक्षी मृत मिलता है तो उसको हाथ नहीं लगाएं। बर्ड फ्लू पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन, चिकित्सा, वन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों की टीम गठित की गई है।जैसलमेर में अब तक 28 कुरंजा पक्षियों की मौत हो चुकी है। जिन क्षेत्रों में ये पक्षी मृत मिले हैं, उन्हें हाटस्पाट घोषित किया गया है। पिछले दिन मृत मिले कुरंजा पक्षियों की मौत के बाद उनके नमूने जांच के लिए भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान में भेजे गए थे। जहां जांच के बाद बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है।पशुपालन विभाग के डॉ. उमेश ने बताया कि यह बीमारी सर्दी के मौसम में पक्षियों में होती है। अधिक सर्दी में पक्षियों की सांस नली व फेंफड़ों में इंफेक्शन होता है, जिसे बर्ड फ्लू कहा जाता है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर पक्षियों की मौत हो जाती है। यह एक संक्रमण है जो एक से दूसरे में फैलता है।

## ट्रंप के लिए बाइडन ऑफिस के दराज में छोड़ सकते हैं पत्र, जानिए क्या है ये परंपरा, किसने की थी शुरू



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को देश के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने जा रहे हैं। इसी दिन निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस से विदा होंगे। यह माना जा रहा है कि वह व्हाइट हाउस छोड़ने से पहले अपने उत्तराधिकारी ट्रंप के लिए राष्ट्रपति कार्यालय ओवल ऑफिस में एक पत्र छोड़ सकते हैं।वैसे अमेरिका में यह एक परंपरा है, जिसकी शुरुआत 1989 में रोनाल्ड रीगन ने की थी। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद अपने उत्तराधिकारी जार्ज एच डब्ल्यू बुश को बधाई देने के लिए एक नोट लिखा था और उसे ओवल ऑफिस की मेज की दराज में छोड़ा था। बुश ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया था और बिल क्लिंटन के लिए पत्र छोड़ा था।बाद में क्लिंटन ने बुश के बेटे जार्ज डब्ल्यू बुश के लिए यही काम किया था। फिर बुश ने बराक ओबामा के लिए इसी परंपरा का निर्वहन किया था। इसके बाद ओबामा ने ट्रंप के लिए ऐसा ही पत्र ओवल ऑफिस में छोड़ा था। 2021 में ट्रंप ने बाइडन को पत्र लिखकर इस परंपरा को जारी रखा था। अब दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे ट्रंप को इस पत्र का इंतजार होगा।

# ताइवान, टिकटॉक और विश्व शांति, शपथ से पहले ट्रंप और चिनफिंग के बीच फोन पर क्या हुई बात ?



**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शी चिनफिंग ने शुक्रवार देर रात फोन पर बात की।यह बातचीत 20 जनवरी को होने वाले ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले हुई है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका-चीन संबंध मुख्य फोकस में रहने की उम्मीद है।ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर इसकी पुष्टि की कि उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से बात की। उन्होंने कहा कि अन्य चीजों के अलावा व्यापार, फेंटेनल और टिकटॉक के बारे में बात हुई। राष्ट्रपति शी और मैं विश्व को अधिक शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।ट्रंप ने अमेरिका में सभी चीनी आयातों पर 60 प्रतिशत का टैरिफ लगाने की धमकी दी है। लेकिन उन्होंने पहले भी शी के साथ अपने संबंधों की प्रशंसा की है और सुझाव दिया है कि चीन यूक्रेन में युद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय संकटों में मध्यस्थता करने में मदद कर सकता है।ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में चीनी राष्ट्रपति शामिल नहीं होंगे। इस कार्यक्रम में चीन का प्रतिनिधित्व उपराष्ट्रपति हान झेंग करेंगे। ट्रंप ने दिसंबर में मीट द प्रेस पर एक साक्षात्कार में कहा था कि वह चुनाव जीतने के बाद से शी के साथ संवाद कर रहे हैं।उन्होंने कहा था कि चीन के नेता के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ताइवान पर चर्चा नहीं की, लेकिन अन्य मुद्दों पर चर्चा की।शी चिनफिंग ने ट्रंप से कहा कि अलग-अलग परिस्थितियों वाले दो बड़े देशों के बीच कुछ मतभेद होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि अहम यह है कि एक-दूसरे के हितों और चिंताओं का सम्मान किया जाए और उचित समाधान निकाला जाए।उन्होंने कहा कि ताइवान का सवाल चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़ा है। अमेरिकी पक्ष को इस पर विवेकपूर्ण तरीके से विचार करने की जरूरत है। बता दें कि चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। उसने इसे अपने में शामिल करने की कसम खाई है। दोनों नेताओं ने उम्मीद जताई है कि चीन और अमेरिका संबंधों की अच्छी शुरुआत होगी।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य से जुड़े एमयूडीए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग 300 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति की 140 से अधिक इकाइयां कुर्क की हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बयान में यह बात की। यह कुर्की मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा भूमि आवंटन में कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को लेकर की गई है।संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं जो रियल एस्टेट व्यवसायियों और एजेंटों के रूप में काम कर रहे हैं। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए एमयूडीए द्वारा अधिग्रहित तीन एकड़ 16 गुंटा भूमि के बदले में अपनी पत्नी बीएम पार्वती के नाम पर 14 साइटों का मुआवजा लिया।

# मैं सैफ अली खान हूं, जब ऑटो ड्राइवर से बोले घायल अभिनेता, बताया पूरा घटनाक्रम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर गुरुवार की रात 2 बजे संदिग्ध आरोपी ने उनके घर में घुसकर हमला किया और वो गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन उनकी जान बचाने में ऑटो ड्राइवर का बड़ा हाथ रहा तो सही समय पर उनको अस्पताल ले गया। ऑटो चालक भजन सिंह राणा ने उस रात की पूरी कहानी बताई।उसने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि एक महिला रोको, रोको, रोको चिल्लाते हुए दौड़ती हुई आई। ऑटो में तीन लोग थे - सैफ अली खान, एक बच्चा और एक आदमी था, शायद वो इब्राहिम की बात कर रहा था। उनसे बताया कि सैफ अली खान बोलने में सक्षम थे। जब मैं उसे अस्पताल ले जा रहा था तो वह सामान्य लग रहे थे।राणा ने एनडीटीवी को बताया कि मैं लिंकिन रोड से जा रहा था। जिस इमारत में वह (सैफ अली खान) रहते हैं उसका नाम सतगुरु निवास है। एक महिला रिक्शा, रिक्शा, रिक्शा, रोको, रोको, रोक चिल्लाते हुए दौड़ती हुई आई। उसने फिर बिल्डिंग गेट के पास ऑटो रोकने के लिए पूछा। लेकिन ऑटो ड्राइवर को नहीं पता था कि जिस घायल शख्स को वह अस्पताल ले जा रहा है वह बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान हैं।आगे राणा ने बताया कि मुझे नहीं पता था कि वह सैफ अली खान हैं। यह एक आपातकालीन स्थिति थी। यहां तक कि मैं इस बात से भी घबरा गया था कि यह यात्री कौन है जो मेरे ऑटो में चढ़ रहा है। मुझे चिंता थी कि मैं मुसीबत में पड़ सकता हूं। और इसीलिए मैं घबरा गया था। ऑटो ड्राइवर ने कहा कि उन्होंने (सैफ) खून से सनी सफेद शर्ट पहनी हुई थी। उनके साथ एक बच्चा बैठा था, एक युवक भी उनके साथ बैठा था।ड्राइवर ने कहा कि इनको होली फैमिली या लीलावती अस्पताल ले चलें, तो सैफ अली खान ने कहा, मुझे लीलावती ले चलो। अस्पताल पहुंचने पर, एक गार्ड को बुलाया गया और अस्पताल के कर्मचारी इकट्ठे हुए, ऑटो चालक ने कहा कि घायल यात्री ने कहा कि मैं सैफ अली खान हूं। ऑटो ड्राइवर को तब एहसास हुआ कि उसके ऑटो में बैठा यात्री बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान हैं।

## हम धरना प्रदर्शन करने वाले नहीं हैं, उठा के फेंक देंगे यहां से, भाजपा विधायक प्रशांत का वायरल हुआ वीडियो



**आरा।** तरारी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक विशाल प्रशांत का एक प्रसारित वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो 15 जनवरी को तरारी में जन समस्या निवारण केंद्र के उद्घाटन का है, जिसमें वह कह रहे हैं कि ऐसे कोई अधिकारी हैं जो यहां मेरी नहीं सुनें, हम धरना-प्रदर्शन करने वाले विधायक नहीं हैं, उठा के फेंक देंगे यहां से। उनके बयान को कुछ लोग अधिकारियों पर टिप्पणी के रूप में देख रहे हैं। वहीं इसे कुछ लोग भाकपा माले पर कटाक्ष बता रहे हैं।प्रशांत आगे कह रहे हैं कि यहां पर लोग जाति के हिसाब, चीजों के हिसाब से लाबी बना लेते हैं, ऐसे में लोगों का काम कैसे होगा, उन्हीं लोगों के काम के लिए निवारण केंद्र बना रहे हैं, लोग यहां आएंगे और फार्म भरकर अपनी समस्या बताएंगे, उनका निवारण कराया जाएगा।

# नर्स को नेग नहीं दिया तो मेज पर लिटाकर रखा नवजात मासूम ने तोड़ा दम, अब दोषी स्टाफ पर होगी कार्रवाई



**पूर्णिया।** राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के लेवल रूम में उस समय मानवता तार-तार हो गई जब महज दो हजार के लिए मेज पर ही नवजात ने दम तोड़ दिया। मामले में अब अस्पताल उपाधीक्षक ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराने की बात कही है।पीड़ित पक्ष ने आवेदन तक कार्रवाई की मांग की है।

प्रसव के बाद ड्यूटी कर रहे नर्स ने दो हजार की मांग की थी जिसको पीड़ित ने देने में असमर्थता जताई।इस दौरान टेबल पर ही नवजात 25 मिनट तक पड़ा रहा है। स्वजन में नवजात को उठाकर जब चिकित्सक के पास पहुंचे तो, तबतक उसकी मौत हो गई थी। यह ह्र्दय विदारक घटना जो भी सुना वह सन्न रह गया।स्वजन ने मामले में अधीक्षक को आवेदन सौंप कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। स्वजन ने आरोप लगाया कि लेबर रूम में ड्यूटी कर रही नर्स पर 2000 रुपये के लिए नवजात को 25 मिनट तक मेज पर ही छोड़ दिया।स्वजन ने सौ रुपया नर्स को दे रहे थे। उस समय तक नवजात की हालत खराब हो चुकी थी। आनन - फानन में नवजात को चिकित्सक के पास स्वजन ही लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद से स्वजन ने अस्पताल में हंगामा भी किया।जीएमसीएच के उपाधीक्षक ने मामले की जांच के लिए कमेटी का गठित करने की बात कही है। अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगना निवासी प्रीतम विश्वास ने बताया कि गुरुवार दोपहर चार बजे प्रसव के लिए पत्नी को जीएमसीएच में भर्ती किया था। बच्चे को जन्म दिया तो मौके पर मौजूद नर्स ने 2000 रुपये नेग की मांग की।दो हजार रुपए उनके पास नहीं थे तो उसने 100 रुपए नर्स को दिया। नर्स ने सौ रुपया नहीं लिया। बच्चा स्वजन को सौंपने के बजाय नर्स ने कपड़े में लपेट कर मेज पर रख दिया और वहां से भाग गई।प्रीतम विश्वास के मुताबिक उसने अपने दोस्तों से कर्ज लेकर दो हजार रुपये की व्यवस्था की और नर्स को देने की कोशिश की। जब आधा घंटा के बाद खुद बच्चा को देखने का प्रयास किया तो लेकिन उसकी हालत खराब थी। जब वहां पर मौजूद बच्चे को डाक्टर से दिखाया तो बच्चा को मृत घोषित कर दिया।मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने आवेदन देकर न्याय की मांग की है। उपाधीक्षक डॉ. भरत कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक जांच टीम का गठन किया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती हुई तो कराया गर्भपात, ऑटो ड्राइवर और उसके साथी करते थे दुष्कर्म



**फरीदाबाद।** ऑटो चालक और उसके साथी ने एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फरार हो गए। घटना सूरजकुंड थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोप है कि दुष्कर्म की वजह से वह गर्भवती हो गई।

छह जनवरी को एक महिला को भेजकर ऑटो चालक व उसके साथी ने उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद उसकी हालत खराब हो गई। इसकी सूचना एनजीओ के जरिये मामला चाइल्ड हेल्पलाइन तक पहुंचा।नाबालिग ने पुलिस को यह भी बताया है कि उसका परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है। इसलिए उसके पड़ोस में रहने वाला 55 वर्षीय व्यक्ति भी उसके साथ किसी न किसी प्रकार का लालच देकर यौन शोषण करता था।आरोपित आटो चालक जसवंत, उसके दोस्त सुल्तान और पड़ोसी सिकंदर को गिरफ्तार कर लिया है। बाल भवन स्थित जिला बाल संरक्षण इकाई फरीदाबाद के चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रदीप कुमार ने बताया कि 14 जनवरी को उनके पास एनजीओ शक्ति वाहिनी और नोसृष्टि संस्था फरीदाबाद की ओर से इस बारे में पता चला था।बताया गया था कि नाबालिग का काफी यौन शोषण हो रहा है और उसका गर्भपात करा दिया गया है। इसके बाद नाबालिग से बात की गई तो मामला सामने आया। नाबालिग ने उन्हें बताया कि उसके पिता शराब पीने का आदि है। परिवार में छोटा भाई है वह भी कहीं गुम हो गया है।घर चलाने के लिए वह रोज सड़क पर जाकर भीख मांगती है और भाई को ढूंढती रहती थी। एक दिन बाईपास पर उसे एक ऑटो चालक मिला। वह उसे कुछ खाना दे देता था। वह उसे ऑटो में बिठाकर ले गया, कहा कि उसके भाई को ढूंढते हैं। वह एक कालोनी में ले गया। वहां एक कमरे में उसका साथी सुल्तान था।दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। लगातार वह उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। किसी को बताने पर मारने की धमकी दी गई। डर के चलते उसने किसी को कुछ नहीं बताया।पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति भी उसे कभी चाय पिला देता था तो कभी कुछ और खिला देता था। उसने भी उसका यौन शोषण किया। छह जनवरी को एक महिला उसे अपने साथ ले गई और कुछ खाने को दिया। वह बेहोश हो गई। जब होश आया तो उसका गर्भपात करा चुके थे।

## केवल भावनाओं को शांत करने के लिए दर्ज न करें केस, आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एससी की अहम टिप्पणी



**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस आत्महत्या से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। अक्सर देखा जाता है कि आत्महत्या के मामले में पुलिस की ओर से धारा 306 लगा दी जाती है। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये धारा केवल पीड़ित परिवार की भावनाओं को शांत करने के लिए इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता है।सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि भारतीय दंड संहिता के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला मशीनी अंदाज में सिर्फ इसलिए नहीं बनाना चाहिए क्योंकि मृतक के परिवार के सदस्यों की भावनाओं को उससे राहत मिलती है। ऐसे मामलों में जांच एजेंसियों को संवेदनशील बनाने की जरूरत है ताकि किसी व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अपुष्ट अभियोजन के आधार पर निशाना नहीं बनाया जाए।जस्टिस अभय एस ओका और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस के लिए आईपीसी की धारा 306 का सहारा लेना बहुत ही सरल लगता है और उन्हें इस संबंध में संवेदनशीलता से काम लेने की जरूरत है।इस कानूनी प्रविधान को किसी व्यक्ति के खिलाफ सिर्फ इसलिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए कि इससे मारे गए व्यक्ति के परिवार की भावनाओं को फौरी राहत मिलेगी।

# यह सामान्य तबादला नहीं, घोटाले की जांच... एसीबी अधिकारियों के ट्रांसफर पर महबूबा मुफ्ती ने उमर सरकार पर साधा निशाना



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से वरिष्ठ पुलिस अधिकारी रैंक के तीन अधिकारियों की सेवाएं वापस गृह विभाग को सौंपे जाने को लेकर भ्रष्टाचार को मिटाने की प्रदेश सरकार की संकल्पबद्धता पर सवाल पैदा कर रही है।पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि यह तबादले सामान्य नहीं हैं। श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना में हुए घोटाले की जांच को रोकने के लिए ही यह तबादले हुए हैं।उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को एसीबी में तैनात एसएसपी रैंक के तीन अधिकारियों को वापस गृह विभाग भेज दिया। इनमें एसएसपी अब्दुल वाहिद शाह, मोहम्मद रशीद और राकेश कुमार शामिल हैं।एसएसपी अब्दुल वहीद शाह ने गत सप्ताह ही श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना में श्रीनगर को सुंदर बनाने के काम में हुए एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है।उन्होंने इस सिलसिले में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है और जांच के दायरे में कई अन्य लोग आ रहे हैं। इस घोटाले में कई बड़े लोगों के शामिल होने का दावा किया जा रहा है।पीडीपी की अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अब्दुल वाहिद शाह और उनके साथियों को अचानक एसीबी से हटाकर वापस उनकी सेवाएं गृह विभाग को सौंपा जाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय अधिकारियों के समक्ष खतरों की पुष्टि करता है। यह तबादले भ्रष्ट और सर्वशक्तिशाली व प्रभावशाली वर्ग के बीच सांठ-गांठ को उजागर करते हैं।एक बड़े घोटाले को उजागर करने वाले को दंडित किया जाना, भ्रष्टाचार की जांच की आड़ में कश्मीरियों की संपत्तियों पर छापेमारी करने के लिए एसीबी सहित विभिन्न एजेंसियों का उपयोग करने के पीछे सरकार की असली मंशा का पता चलता है। यह सरकार की न्याय और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाता है।इसको लेकर उन्होंने उमर सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उमर सरकार ने जानबूझकर यह किया है। जांच में कई लोगों के नाम आ रहे थे।

## सर्दियों में लहसुनी पालक का लुत्फ उठाएं, नोट करें आसान रेसिपी



ठंड के मौसम में साग, पालक और मेथी की सब्जी खूब खाई जाती है। सब्जी मंडी में इस समय पूरे बाजार में हरी सब्जियां नजर आती है। हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। पालक के सेवन करने से शरीर को कई पोषक तत्व मिलते हैं। पालक में भरपूर न्यूट्रिशन पाए जाते हैं। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, प्रोटीन और फाइबर मौजूद होता है। इस विंटर सीजन में लहसुनी पालक की सब्जी बनाएं, जो स्वाद और हेल्थ के लिए बढ़िया है। आइए आपको लहसुनी पालक रेसिपी बताते हैं।

लहसुनी पालक बनाने के लिए हमें क्या चाहिए?

1 बड़ा कटोरा पालक, उबालकर कटा हुआ
1 बड़ा चम्मच घी
1/4 छोटा चम्मच जीरा
2 बड़ा चम्मच कटा हुआ लहसुन
1 छोटा कटा प्याज
1 चम्मच कटी हरी मिर्च
2 साबुत सूखी लाल मिर्च
1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
1/4 चम्मच मिर्च पाउडर
स्वादानुसार नमक

तड़का के लिए
1 बड़ा चम्मच शुद्ध घी
1/2 छोटा चम्मच जीरा
1 छोटा चम्मच कटा हुआ लहसुन
1 साबुत सूखी लाल मिर्च
कटा हुआ टमाटर

**लहसुनी पालक कैसे बनाएं**

सबसे पहले आप एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा, कटा हुआ लहसुन और साबुत सूखी लाल मिर्च डालें। कुछ समय तक भूने, फिर आप कटा हुआ प्याज डालें, जब तक यह ग्लोडन ब्राउन न हो जाए। अब कटी हुई हरी मिर्च, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर डालें। कुछ सेकंड के लिए भूनें, फिर कटा हुआ पालक और स्वादानुसार नमक डालें। कुछ मिनट तक भूनते रहें, और परोसने के बर्तन में निकाल लें।

फिर आफ तड़का के लिए शुद्ध घी, जीरा, कटा हुआ प्याज और साबुत सूखी लाल मिर्च के साथ तड़का तैयार करें। जब तक लहसुन सुनहरा भूरा ने हो जाए तब तक इसे भूनें। अब आप इस तैयार किए हुए तड़के को लहसुनी पालक में डाल दीजिए और कटे हुए टमाटर से गार्निश करें।

# इन हर्ब्स को करें डाइट में शामिल रात में आएगी अच्छी नींद

अगर आप अपनी खराब नींद की समस्या से जूझ रहे हैं तो ऐसे में आपको कैमोमाइल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें एपिजेनिन होता है, जो एक एंटी-ऑक्सीडेंट है जो आपके मस्तिष्क में कुछ रिसेप्टर्स को बांधता है, चिंता को कम करता है और नींद को बढ़ावा देता है।

यह तो हम सभी जानते हैं कि जिस तरह हेल्दी रहने के लिए अच्छा खाना जरूरी है, ठीक वैसे ही अच्छी नींद लेना भी उतना ही जरूरी है। लेकिन आज के समय में अधिकतर लोग अपने काम की बिजीनेस से लेकर स्ट्रेस तक के चलते अपनी नींद के साथ समझौता करते हैं। जिसकी वजह से उनका पूरा रूटीन बिगड़ जाता है और फिर बाद में उन्हें अच्छी नींद नहीं आती है।

अगर आप भी ऐसी ही स्थिति से गुजर रहे हैं तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिए आपको कुछ हर्ब्स को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। ये हर्ब्स आपको रिलैक्स करने से लेकर तनाव दूर करने



और अच्छी नींद दिलानेमें मदद करती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ हर्ब्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको अच्छी नींद दिलाने में मदद करेंगे-

**कैमोमाइल**

अगर आप अपनी खराब नींद की समस्या से जूझ रहे हैं तो ऐसे में आपको कैमोमाइल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इसमें एपिजेनिन होता है, जो एक एंटी-ऑक्सीडेंट है जो आपके मस्तिष्क में कुछ रिसेप्टर्स को बांधता है, चिंता को कम करता है और नींद को बढ़ावा देता है। आप सोने से 30 मिनट पहले इसे कैमोमाइल टी का सेवन करें।

**लैवेंडर**

लैवेंडर की महक तनाव को कम करने और दिमाग को शांत करने में मदद करती है। कुछ अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि यह आपकी स्लीप क्वालिटी को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकता है। आप चाहें तो डिफ्यूज़र में लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का उपयोग करें या फिर लैवेंडर-युक्त चाय का सेवन करें। आप इसे सोने से पहले पी सकते हैं।

**तुलसी** -तुलसी कोर्टिसोल को कम करती है और आपको शांत महसूस करने में मदद करती है। यह एक एडाप्टोजेन है, जिसका अर्थ है कि यह आपके शरीर को तनाव के अनुकूल होने में मदद करता है। सोने से पहले तुलसी की चाय पिएं या आप इसकी कुछ ताज़ी पत्तियां चबा सकते हैं।

## संतरे और नींबू से परे, अपने दैनिक आहार में विटामिन सी से भरपूर इन खाद्य पदार्थों को भी शामिल करें



कीवी की तीखी मिठास से लेकर शिमला मिर्च की कुरकुरी अच्छाई तक, विटामिन सी की दुनिया के कई ऐसे गुमनाम नायक हैं, जिनके बारे में जानना अभी बाकी है। इस लेख में, हम आपको विटामिन सी के शीर्ष 7 स्रोतों की खोज करने की यात्रा पर ले जाएंगे जो आपके आहार में पोषण और स्वाद का एक विस्फोट जोड़ देंगे!

विटामिन सी के बारे में सोचते ही संतरे और नींबू तुरंत दिमाग में आते हैं! लेकिन, क्या होगा अगर हम आपको बताएं कि इन चीजों के अलावा भी विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थों की एक पूरी दुनिया है कीवी की तीखी मिठास से लेकर शिमला मिर्च की कुरकुरी अच्छाई तक, विटामिन सी की दुनिया के कई ऐसे गुमनाम नायक हैं, जिनके बारे में जानना अभी बाकी है। इस लेख में, हम आपको विटामिन सी के शीर्ष 7 स्रोतों की खोज करने की यात्रा पर ले जाएंगे जो आपके आहार में पोषण और स्वाद का एक विस्फोट जोड़ देंगे!

**संतरे और नींबू के अलावा विटामिन सी के 7 अन्य स्रोत**

आंवला-आंवला विटामिन सी के सबसे समृद्ध स्रोतों में से एक है। इस छोटे से एक फल में 450 मिलीग्राम तक विटामिन सी होता है। इसीलिए रोजाना कम से कम एक आंवला का सेवन जरूर करें।

**कीवी**- कीवी विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है। एक मध्यम आकार की कीवी में लगभग 70 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

शिमला मिर्च- शिमला मिर्च, खास तौर पर लाल और पीली किस्मों में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है। इनके एक कप में लगभग 125 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

**ब्रोकली**- ब्रोकली एक क्रूसिफेरस सब्जी है, जो विटामिन सी से भरपूर होती है। ब्रोकली के एक कप में लगभग 100 मिलीग्राम विटामिन सी होता है, जो आपकी दैनिक जरूरत को पूरा करेगा।

स्ट्रॉबेरी- स्ट्रॉबेरी विटामिन सी का एक मीठा और तीखा स्रोत है। एक कप में लगभग 150 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। इसीलिए सर्दियों के मौसम में स्ट्रॉबेरी का भरपूर सेवन करें और विटामिन सी की कमी पूरी करें।

**पपीता**- पपीता एक ट्रॉपिकल फल है, जो विटामिन सी से भरपूर होता है। एक मध्यम आकार का पपीता लगभग 100 मिलीग्राम विटामिन सी प्रदान करता है। आप हर मौसम में इस फल का सेवन कर विटामिन सी की कमी पूरी कर सकते हैं।

**फूलगोभी**- फूलगोभी एक और क्रूसिफेरस सब्जी है जो विटामिन सी से भरपूर है, एक कप में लगभग 75 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। ये खाद्य पदार्थ न केवल विटामिन सी से भरपूर होते हैं बल्कि अन्य आवश्यक पोषक तत्व और स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करते हैं।



## शादी-पार्टी के लिए ढूंढ रही हैं परफेक्ट ड्रेस, तो इस बार गोल्डन आउटफिट से लूटें महफिल

गोल्डन कलर पार्टी वियर के लिए एक क्लासिक और ग्लैमरस विकल्प है। यह शान और आकर्षण का प्रतीक है, खासकर जब सही तरीके से स्टाइल किया जाए। यह रंग लग्जरी और रॉयली का ही प्रतिनिधित्व करता है और अब तो फैशन इंडस्ट्री में भी गोल्डन कलर को बहुत ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। चाहे शादी हो, पार्टी या किसी खास अवसर पर, गोल्डन आउटफिट्स को सही एक्सेसरीज़ और मेकअप के साथ कैरी करना बहुत जरूरी है। यहां कुछ अलग-अलग गोल्डन आउटफिट्स के स्टाइल और उन्हें कैरी करने के टिप्स दिए गए हैं।

आजकल गोल्डन साड़ी का ट्रेंड काफी हिट हो रहा है। आपको कई सेलिब्रिटीज के स्टाइलिश गोल्डन साड़ी लुक देखने को मिल जाएंगे। गोल्डन साड़ी के साथ हैवी एम्ब्रॉयडरी वाला या स्लीक साटन ब्लाउज चुनें। डीप नेकलाइन या बैकलेस ब्लाउज इसे और भी आकर्षक बना सकता है।

# एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने दिन की शुरुआत जीरा पानी के सेवन से करती हैं

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी फिटनेस का बेहद ख्याल रखती है। इसके साथ ही अनन्या सुबह उठते ही दिन की शुरुआत जीरा पानी के सेवन से करती है। जीरा पानी पीने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। जीरा पानी चयापचय को बढ़ावा देता है, साथ ही विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्सिफाई भी करता है।

बॉलीवुड की फिटनेस फ्रीक एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपनी हेल्थ और फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री नियमित रुप से पिलेट्स क्लास में भाग लेती है। इतना ही नहीं, अनन्या संतुलित आहार का सेवन भी करती है, वह अपने दिन की शुरुआत एक स्वस्थ तरीके से करती हैं। अनन्या दिन की शुरुआत रोजाना एक आयुर्वेदिक ड्रिंक से करती हैं, जो शरीर के चयापचय को बढ़ावा देता है और शरीर को हाइड्रेट भी रखता है। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपनी लाइफस्टाइल के बारे में बताया। अनन्या ने कहा कि वह अपने दिन की शुरुआथ कैफीन से नहीं बल्कि हेल्दी ड्रिंक से करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने दिन की शुरुआत जीरा पानी से करती हूं। आयुर्वेदिक ड्रिंक न केवल बनाने में आसान है बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। यह पोटैशियम, मैंगनीज, आयरन और फाइबर से भरपूर है।

**जीरा पानी पीने के फायदे**

पाचन में सुधार

जीरा पाचन एंजाइमों के उत्पादन को उत्तेजित करने के लिए जाना जाता है, जो समग्र पाचन में सुधार, सूजन को कम करने और अपच या कब्ज से राहत दिलाने में मदद करता है।

मेटाबॉलिज्म को बढ़वा देता है

जीरे का पानी चयापचय को बढ़ाने में मदद कर सकता है, जिससे बेहतर कैलोरी बर्न करने और वजन प्रबंधन में सहायता मिलती है।





टॉक्सिन को बाहर निकालता

शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना जीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं, यकृत के कार्य को समर्थन देते हैं और समग्र विषहरण को बढ़ावा देते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है

जीरे में जीवाणुरोधी और सूजनरोधी गुण होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है

जीरे का पानी पीने से रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर करने में मदद मिल सकती है, जिससे यह मधुमेह वाले लोगों या पूरे दिन स्थिर ऊर्जा स्तर बनाए रखने के इच्छुक लोगों के लिए फायदेमंद होता है।

त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार

जीरे के पानी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम कर सकते हैं और स्पष्ट, स्वस्थ त्वचा को बढ़ावा दे सकते हैं।

वजन घटाने में सहायक

जीरे का पानी पाचन को बढ़ावा देकर, चयापचय में सुधार करके और भूख को कम करके वजन घटाने में सहायता कर सकता है, जिससे आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करने में मदद मिलती है।

जीरे का पानी कैसे बनाएं?

-एक लीटर पानी में 1-2 चम्मच जीरा डालें।
-इसे रात भर भीगने दें।
- पानी को छानकर उसमें से जीरा निकाल दें और सुबह खाली पेट इसे पी लें।

## डॉगी से प्यार कहीं कर ना दे आपको बीमार

अगर आपके पास पेट डॉग है और उसे चेहरा चाटने की आदत है तो यह खबर आपके लिए है। वैज्ञानिक



चेतावनी दे रहे हैं कि कुत्ते को अपने चेहरे पर चाटने देना आपके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। कुत्तों की लार में मौजूद बैक्टीरिया और वायरस इंसानों के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

कुत्तों की लार में कैंपिलोबैक्टर, साल्मोनेला और ई. कोली जैसे बैक्टीरिया हो सकते हैं। ये बैक्टीरिया इंसानों में पेट की समस्याओं, दस्त और अल्सर का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, कुत्तों की लार में कैपनोसाइटोफेगा कैनिमोर्सस नामक एक खतरनाक बैक्टीरिया भी हो सकता है, जो दुर्लभ मामलों में इंसानों में सेप्सिस और मेनिनजाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। कुत्तों की लार के माध्यम से रेबीज वायरस का संक्रमण हो सकता है, हालांकि यह अधिकतर काटने से फैलता है, लेकिन लार के संपर्क से भी यह संभव है। कुछ लोगों को कुत्ते की लार से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, रैशेज औत्वचा पर सूजन हो सकती है। यदि आपके चेहरे पर कोई खुला घाव है और कुत्ता उसे चाटता है, तो यह घाव संक्रमिहो सकता है। जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, जैसे बुजुर्ग, बच्चे या बीमार व्यक्ति उनके लिए यह खतरा और भी बढ़ सकता है।

सावधानी बरतें और कुत्ते को अपने चेहरे पर चाटने से रोकें। यदि कुत्ता गलती से चाट ले, तो तुरंत चेहरा धो लें और साबुन का उपयोग करें। कुत्ते की साफ-सफाई का ध्यान रखें और समय-समय पर उसे डॉक्टर से चेकअप करवाते रहें।

## वार्डरोब कलेक्शन में जरूर शामिल करना चाहिए ये धोती सूट



जब भी हम कंफर्टेबल कपड़े पहनने की बात करते हैं, तो हमारे दिमाग में सबसे पहले सूट आता है। सूट में पूरा लुक अच्छा लगता है। सूट पहनने के बाद हम और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आते हैं। सूट में आप कंफर्टेबल फील करते हैं। ऐसे में अगर आप कुछ अलग और ट्रेंडी डिजाइन वाले सूट वियर करना चाहते हैं, तो आपको धोती सूट वियर करना चाहिए। इस तरह के सूट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइन मिल जाते हैं। इसको पहनने के बाद आपका लुक भी काफी अच्छा लगेगा।

**हैवी डिजाइन वाला धोती सूट**

अगर आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो आप हैवी डिजाइन वाला धोती सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको धोती से ज्यादा कुर्ते पर हैवी डिजाइन वाला वर्क मिल जाएगा। इस सूट के साथ जूती पहनकर अपने लुक को कंप्लीट करें। आपको अपने वॉर्डरोब में इस तरह के कलेक्शन को शामिल कर सकती हैं। इसको पहनने के बाद आपका लुक काफी अच्छा लगेगा।

**डिजाइनर स्टाइल वाला धोती सूट**

बता दें कि अगर आप धोती सूट ट्राई करना चाहती हैं, तो आप डिजाइनर स्टाइल वाला धोती सूट स्टाइल कर सकती हैं। इसमें कुर्ते को अनारकली स्टाइल में डिजाइन किया गया है। वहीं नीचे पहनने वाली सिंपल धोती है। इसके बॉर्डर पर भी स्पार्कल वर्क किया गया है। जिससे कि लुक अच्छा लगे। आप इस तरह के धोती सूट को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में आपको इस तरह के सूट में कई तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे।

**सिंपल डिजाइन वाला धोती सूट**

अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं और कुछ हैवी वियर नहीं करना चाहती हैं। तो आप सिंपल डिजाइन वाला सूट कैरी कर सकती हैं। यह सिंपल डिजाइन वाले सूट में आपको दुपट्टा हैवी वर्क मिलेगा। जो स्टाइल करने पर काफी अच्छा लगता है। इस सूट में लुक काफी अच्छा नजर आता है।

## शब्द सामर्थ्य -300


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 299 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराने की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का मिल रहा है लाभ



**कोरिया बैकुंठपुर।** केंद्र सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियो को उनके कारोबार के लिए सजकता से बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से नगर पालिका बैकुंठपुर में भी अपना छोटा व्यवसाय करने वाले हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना का क्रियान्वयन फुटकर दुकानदारों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन में हुए नुकसान एवं व्यवसाय को फिर से शुरू करने के लिए प्रारंभ की गई थी। इस योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स वाले छोटे व्यवसाय जैसे चाट ,फूलकी ,सब्जी ,फल दुकान मोची, ठेला लगाने वाले आदि के काम करने वाले व्यवसायि लाभ उठा सकते हैं योजना के तहत ऐसे स्ट्रीट वेंडर को बैंक के माध्यम से क्रमशः 10 हजार से 20 हजार से एवं 50 हजार कम ब्याज दर पर ऋण राशि प्रदान की जाती है ।इस योजना के तहत नगर पालिका बैकुंठपुर अंतर्गत प्रथम डोज पर कुल 240 लाभार्थियों को 24 लख रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई द्वितीय डोज अंतर्गत 66 लाभार्थियों को 13 लाख 20 हजार रुपए एवं तृतीय डोज अंतर्गत 16 लाभार्थियों को 8 लाख का ऋण राशि प्रदाय किया गया है । पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों को योजना से आगे बढ़ाते हुए उन्हें स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत हितग्राही एवं उनके परिवार जनों की सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग का कार्य किया जा रहा है ।जिसके तहत हितग्राहियों को भारत शासन की 8 महत्वकांछी योजना से जोड़कर उन्हें लाभ प्रदान किया जा रहा है।

## पटना के चार तालाबों को संवारने सरकार को प्रस्ताव

**पटना।** नगर पंचायत पटना के 4 तालाबों का सौंदर्यीकरण होगा। इसमें नेशनल हाईवे क्रमांक 43 किनारे स्थित नकटी तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ चौपाटी की जगह तय की जाएगी, जिससे जहां-तहां ठेला लगाने वाले संचालकों को तय जगह मिले। इसी प्रकार धार्मिक तालाब बूढ़ा सागर व बड़े झुमर तालाब का छठ घाट के रूप में उन्नयन होगा, जिससे व्रतीधारियों को छठ पर्व पर परेशानी नहीं होगी। वहीं पूर्व में 3 तालाबों को मिलाकर बालेन्दु सागर तालाब का निर्माण किया गया है, जिसका सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। इसमें बिजली, चेकर टाइल्स, सेल्फी प्वाइंट, मॉर्निंग, इवनिंग वॉक के लिए प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिकंदर सिदार ने बताया कि इन सभी तालाबों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है।

# महतारी सदन व शेड निर्माण का भूमिपूजन किया

**लखनपुर।** अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड के ग्राम कोशगा चारपारा और पुहपुटरा में महतारी सदन भवन और शेड निर्माण कार्य का अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने भूमिपूजन किया। ब्लॉक में विधायक की अनुशंसा पर 30-30 लाख रुपए के महतारी सदन भवन व ग्राम पुहपुटरा में 5 लाख रुपए के शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधायक अग्रवाल ने महतारी सदन भवन और शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण अंचल में कारगर साबित होगा। प्रयास है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत महतारी सदन बने और माता बहनों सहित ग्रामवासियों को एक स्थाई कार्य करने का स्थान मिले। भूमिपूजन के दौरान भाजपा पदाधिकारी दिनेश साहू, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सीईओ वेदप्रकाश



पाण्डेय, कोसगा सरपंच संगीता कंवर, सचिव जयपाल सिंह, सचिव सरपंच प्रतिनिधि रामबीर सिंह, घरभरन राजवाड़े, इंद्रजीत, रामदेव केशव सिंह, रूप साय, तबरेज खान, आयुष दिहुलिया व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। विधायक ने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया।



## राष्ट्रीय जूनियर इंटर जिला एथलेटिक्स का चयन संपन्न

**चिरमिरी।** आगामी माह हैदराबाद में आयोजित होने वाली 20वीं राष्ट्रीय जूनियर इंटर जिला एथलेटिक्स के लिए जिला एथलेटिक्स संघ ने खड़गवां मिनी स्टेडियम में एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन किया। चयन प्रतियोगिता में 14 वर्ष व 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक-बालिका का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया को संपन्न कराने में संजीव डे, अमित विश्वास, वीरेंद्र नामदेव, कमल नायक, पीएन बाबू, शरद विश्वकर्मा, गजेंद्र पैकरा, किशन साहू, मोनू कुमार, अमरावती, सरल व सरिता सक्रिय रहीं।

# जल जीवन मिशन: तीन अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश

### अनुपस्थित 19 ठेकेदारों को जारी होगा कारण बताओ नोटिस

### पेयजल जैसे अत्यावश्यक कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-कलेक्टर त्रिपाठी

**कोरिया बैकुंठपुर।** आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की हुई।

कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित एकल व समूह नल जल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा समय पर पानी टंकी, नल कनेक्शन आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ठेकेदारों एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग एवं क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ठेकेदारों को अपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन से ग्राम वासियों को लाभ मिले, उन्हें साफ पेयजल मिले इस दिशा पर तेजी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। पेयजल जैसे अत्यावश्यक कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



की जाएगी। इस कार्य में कोताही बिल्कुल नहीं बरती जाए। कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों, टीपीआई एजेंसी एवं आईएसए को-ऑर्डिनेटर्स से कहा है कि परीक्षण, सत्यापन के कार्य में तेजी लाएं।

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में 19 ठेकेदारों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए साथ ही कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता प्रखर बेले, उप अभियंता भूपेंद्र सिंह कोर्चे एवं उप अभियंता सुश्री ज्योत्स्ना लकड़ा के वेतन रोकने के निर्देश भी दिए।जानकारी के मुताबिक जेजेएम के तहत दोनों विकासखंड बैकुंठपुर, सोनहत के 130 ग्राम पंचायतों, 242 ग्रामों में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) 51 हजार 824, आईएमाईएस में इन्द्राज एफएचटीसी की संख्या 37 हजार 737 यानी 72.82 प्रतिशत। पूर्व समीक्षा बैठक में कुल कार्यरत एफएचटीसी की संख्या 9 हजार 575 थीं, जबकि अब बढ़कर 10 हजार 105 है। जिले के 22 ग्रामों में हर घर जल सर्टिफाइड है।समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग, क्रेडा के अधिकारियों और ठेकेदार उपस्थित थे।

## शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में एक दिवसीय चलाया गया यातायात जागरूकता कार्यक्रम

**कोरिया बैकुंठपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में जिला यातायात पुलिस विभाग के द्वारा संस्था के अधिकारी/कर्मचारी एवं अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को यातायात से संबंधित नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक शाखा बैकुण्ठपुर के शाखा प्रबंधक राम सोनी, यातायात प्रभारी बीरबल राजवाडे, यातायात जागरूकता प्रशिक्षण महेश मिश्रा एवं संस्था के अधिकारी/कर्मचारी तथा छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र/छात्राओं को हेलमेट वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में संस्था के प्राचार्य भूषण कुमार नायक एवं प्रभारी दीपक कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त की तथा अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी से यातायात नियमों का पालन कर यात्रा करने की अपील की। प्राचार्य के द्वारा संस्था में आगे भी अन्य सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पर जोर दिये जाने हेतु सभी को संबोधित किया गया



# सरगुजा में छंटने लगे बादल, सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

### मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट, फिर लौटेगी कड़ाके की ठंड

**सरगुजा।** सरगुजा में पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ते ही बादल छंटने लगे हैं। सर्द हवाएं संभाग में प्रवेश करने लगी हैं। अगले दो से तीन दिन तक आसमान साफ रहने के आसार हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी और कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

जनवरी के दूसरे सप्ताह से लगातार बादलों की आवाजाही ने सर्द हवाओं को रोक दिया है। संभाग के अधिकांश इलाकों में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे ही दर्ज पहुंच गया।

**बादलों के छंटते ही ठंड की वापसी**

सरगुजा संभाग में पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट आने लगी है। उत्तरी सर्द हवाएं तेजी से एंट्री कर रही। इससे दोबारा कड़ाके की ठंड



पड़ने के आसार हैं। अंबिकापुर में फिर से न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक गिर सकता है।

इससे पहले शुक्रवार को लगभग पूरे दिन बादल छाए रहे और धूप कुछ ही समय के लिए निकली। सर्द हवाओं के कारण पूरे दिन ठंड का ऐहसास हुआ। शनिवार से आसमान साफ होने के बाद दिन के तापमान में तो बढ़ोत्तरी होगी, लेकिन रात का तापमान गिरेगा।

**न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट**

मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है। इस कारण उत्तरी सर्द हवाएं फिर से प्रवेश करने लगी हैं। इसके कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। आगामी तीन दिनों तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। इससे ठंड में बढ़ोत्तरी होगी।

**दिन में भी अलाव का सहारा, शाम होते पसरा सन्नाटा**

सरगुजा में मौसम में बदलाव और सर्द हवाओं के कारण दिन में भी लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। लोगों को ठंड से बचने दिन में भी अलाव का सहारा लेना पड़ा। शाम होते ही सड़कों पर आवाजाही कम हो रही है। खासकर पाट इलाकों में शाम ढ़लते ही सन्नाटा पसरने लगा है।

सरगुजा के मैनपाट और सामरी पाट में सर्द हवाएं ठिठुरा रही हैं। मौसम साफ होने के बाद फिर से पाट क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड की वापसी की संभावना है।

# एसबीआई और सूरजपुर पुलिस ने किया साइबर जागरूकता कार्यक्रम

### नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया अवेयर, डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया फ्रॉड से कैसे बचे



**सूरजपुर।** साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक और सूरजपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यहां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने भी साइबर जागरूकता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में आए कलाकार रथ के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए बढ़े मनमोहक रूप से साईबर धोखाधड़ी के प्रति लोगों को जागरूक लोगों को साइबर फ्रॉड के प्रति सजग किया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि, साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए सूरजपुर पुलिस लगातार विभिन्न माध्यमों से जिलेवासियों को जागरूक करने में लगी हुई है। इस कैम्पेंन का मुख्य उद्देश्य लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाना है। साइबर ठग तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों को अपने झांसे में लेकर साइबर फ्रॉड करते हैं।

लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर क्राइम कैसे होता है उसके बारे में जानकारी दी गई, साथ ही बचाओ के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि पुलिस और बैंकों के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड रोकने और इन्वेस्टिगेशन करने में आसानी होगी। इसलिए इसके प्रति लोगों को जागरूक करने यह आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसबीआई सूरजपुर के शाखा प्रबंधक पियुस विजयवर्गीय व कलेक्ट्रेट ब्रांच के शाखा प्रबंधक चांदनी सिंह, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# सक्षम अभियान: प्रशासन को 2.5 करोड़ व लोगों को मिला रोजगार

**बैकुंठपुर।** जिले में पंचायती राज संस्थाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने संचालित सक्षम अभियान के तहत कोरिया जिले की पंचायती राज संस्थाओं ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसंबर माह तक 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की आय अर्जित कर ली है। यह अभियान जिला पंचायत, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बना रहा है। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर इस अभियान के तहत वित्तीय वर्ष के अंत तक आंकड़ा 3 करोड़ रुपए तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। सक्षम अभियान के तहत कर संग्रहण और आय के अन्य स्रोतों को सक्रिय की गई।

जिला पंचायत ने विभिन्न साधनों से लगभग 70 लाख रुपए की आय हुई है। जिपं सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि व्यवसायिक दुकानों की नीलामी से 65 लाख, दुकानों के किराए से प्रतिमाह 35 हजार रुपए समेत अन्य दुकानों के किराए से 1.21 लाख रुपए की आय हो रही है। इसके अलावा तालाब लीज से 1.35 लाख रुपए की आय हुई है। वहीं तालाबों की लीज से जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर और सोनहत ने 10 लाख रुपये की आय अर्जित की है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को स्थाई रोजगार का अवसर भी प्राप्त हुआ है। वहीं ग्राम पंचायतों ने सक्षम अभियान में अब तक 1.71 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है। यह आय संपत्ति कर, वृत्ति कर, बाजार कर, प्रकाश कर और पंजीयन कर से 95.46 लाख व जल कर से 22.31 लाख, तालाब लीज से 7.35 लाख, भवन किराए से 14 लाख रुपए की आय प्राप्त हुई है।

### 54 क्विंटल पुराना धान किया रिजेक्ट, रकबा समर्पण कराया

**पटना।** धान खरीदी केन्द्र पटना में शुक्रवार को एक किसान अपने खाते में बेचने के लिए 54 क्विंटल पुरानी धान लेकर पहुंचा था लेकिन इस दौरान निरीक्षण में एसडीएम दीपिका नेताम और तहसीलदार प्रतीक जायसवाल भी पहुंच गए। उनकी नजर किसान के धान पर पड़ी, धान पुराना होने के कारण किसान के धान को रिजेक्ट कर दिया गया और किसान के खाते के 54 क्विंटल के रकबा को किसान से समर्पण करा दिया गया ताकि दुबारा उस खाते में फर्जी तरीके से धान न बेचा जा सके। इसी तरह मिक्स धान को बेचने पहुंचे 3 किसानों के धान को भी रिजेक्ट कर दिया गया।

# बाघ ने किया मवेशी का शिकार, दहशत में लोग

**बैकुंठपुर।** क्षेत्र में एक बार फिर से बाघ का मूवमेंट होने की जानकारी मिली है। पटना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के जनतापारा में राजाराम यादव की



एक भैंस का शिकार बाघ ने किया। वहीं दूसरे मवेशी पर हमला कर घायल कर दिया। बाघ के लगातार गांव के आसपास विचरण करने से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग कैमरा लगाकर बाघ की निगरानी कर रहा है। हालांकि अब तक अच्छी बात यह है कि बाघ ने किसी ग्रामीण को अपना शिकार नहीं बनाया है। रेंजर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि बीते तीन महीने से कटकोना, टेमरी समेत तेंदुआ गांव में बाघ का मूवमेंट हो रहा है। बता दें कि बाघ के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे उनकी दिनचार्या भी प्रभावित हुई है।

# कांग्रेसियों ने खराब सड़कों के सुधार की मांग की

**अंबिकापुर।** शहर के साथ इलाके की खराब सड़कों की सुधार के लिए कांग्रेस नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में सिंगिटाना मोड़ पर ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। कांग्रेस के चक्काजाम के बाद सड़कों की मरम्मत का काम शुरू हुआ। लखनपुर मुख्यमार्ग से सिंगिटाना को जोड़ने वाली सड़क सहित ग्राम पंचायत सलका, सिंगीटाना, अमलबीठी, इरगवा के ग्रामीणों ने खस्ताहाल सड़क की मरम्मत नहीं करने पर चक्काजाम का अल्टीमेटम दिया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के लोग सड़क पर जमा होकर नारेबाजी करने लगे। चक्काजाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों ने जल्द सड़क बनवाने का आश्वासन देते हुए काम शुरू कराया। बता दें कि पूर्व में भी सितंबर में ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था, लेकिन आश्वासन के बाद भी रिपेयरिंग का कार्य नहीं किया गया। इस दौरान सूरज सिंह, अंशु गुप्ता, तरण बाबरा, प्रिंस विश्वकर्मा, आशीष शील, ज्ञान तिवारी, जयफल आदि मौजूद रहे।

## हेमू कालाणी बलिदान दिवस पर कार्यक्रम 21 को

**कोरबा।** देश की आजादी में योगदान देने वाले अमर शहीद हेम कालाणी के बलिदान दिवस पर कोरबा अंचल में 21 जनवरी को पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा की ओर से कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम रानी रोड कोरबा के सिंधु भवन के पास शहीद हेमू कालाणी द्वार पर सुबह 11 बजे से शुरू होगा। पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के अध्यक्ष किशनचंद दावड़ा व सचिव नरेश जगवानी ने संगठन के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।

## कबड्डी व मड़ई मेला 31 से

**कोरबा।** ग्राम पंचायत अमरुवा में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक ओपन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इसके अंतर्गत अंतिम दिन 2 फरवरी को मड़ई मेला का भी आयोजन किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 10 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 6 हजार 1 रुपए और शील्ड रखा गया है। इसके अलावा बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट रेडर का पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजन समिति लाल दल के तारकेश्वर मन्नेवार ने बताया कि कबड्डी टीम में पहले से पंजीयन करा सकते हैं। अंतिम दिन आर्केस्ट्रा नाइट का भी कार्यक्रम होगा।

## कांग्रेस प्रभारी गुप्ता ने ली बैठक

**कोरबा।** दीपका नगर पालिका चुनाव के लिए कांग्रेस ने मनोज गुप्ता को प्रभारी बनाया है। उनके द्वारा दीपका में कार्यकर्ताओं की बैठक ली । दावेदारों ने अपने अपने नाम सामने रखें वार्डो से आए नामों पर विचार विर्मश किया गया। यह नाम बनाया गए प्रभारियों ने सौंपे इसके अलावा अध्यक्ष पद को लेकर आवेदन जमा किए गए। ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह, तनवीर अहमद, विशाल शुक्ला, रजनीश तिवारी , सुनील अग्रवाल, विजय भूषण कंवर के नाम आए। नगर पालिक निगम परिरूाद में प्रत्याशियों को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करने के लिए कहा गया। इस बैठक में पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर , कटघोरा विधानसभा प्रभारी हरीश परसाई, जिला ग्रामीण अध्यक्ष, सुरेन्द्र जायसवाल, विकास शुक्ला, गोपाल यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसकेएमएस कर रहा प्रदर्शन की तैयारी

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में एसकेएमएस के कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे है। विभिन्न मांगो को लेकर ईकाईयों में बैठक हो रही है। 22 जनवरी को कोरबा सीजीएम कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में अध्यक्ष मनीष सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह व महामंत्री धर्माराव के अलावा बगदेवा से ऋषभ सिंह, सुरेश श्रीवास, विदेशी सरईपाली से कृष्णा तिवारी, अशोक परिहार, ढेलवाडीह से संजय सिंह, सूर्यकांत साहू, प्रमोदधर दीवान, सिंघाली से विनोद कुमार भूपेन्द्र कुमार, सुराकछार से एमपी सिंह, रामबाबू मानिकपुर से जय मुखर्जी, उज्जव बनर्जी, राजू श्रीवासतव, रजगामार से कमर बक्स, प्रकाश चंन्द्र सहित अनेको कार्यकर्ता शामिल होगें।

## कोसगई में एकत्रित हुए कार्यकर्ता

**कोरबा।** बरेठ समाज के कार्यकर्ता कोसगई में जिलाध्यक्ष मिलापराम कर्ष के नेतृत्व में एकत्रित हुए। यहां पर समाज को आगे बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किया गया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अलावा प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए रणनीति बनाई गई। गरीब परिवार को सहयोग करने के लिए भी प्रस्ताव आया। प्रदीप सोनसर्वा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा जिले में बरेठ समाज काफी अच्छे तरीके से काम कर रहा है और इकाईयों के अध्यक्ष भी बराबर सहयोग कर रहे हैं। गिरधारी बरेठ, प्रवीण रजक, संतोष कर्ष सहित सभी कार्यकर्ता आगे बढ़कर अपने विचार रख रहे हैं।

# सुधार के दावों के बीच लोकल गाड़ी से गई बीती हुई शिवनाथ की चाल

### ट्रेनों की रफ्तार से यात्री हो रहे परेशान

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में आने वाले कोरबा चंपा रेल खंड पर यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए भले ही लगातार दावे किए जा रहे हैं लेकिन सच बात यही है कि इस रूट पर चलने वाली यात्री गाड़ियों का भगवान ही मालिक है। गिनती की संचालित हो रही ट्रेनों से यात्रियों को उसे तरह की सुविधा नहीं मिल पा रही है जिसकी अपेक्षा की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि वापसी के दौरान कोरबा तक विस्तारित की गई शिवनाथ एक्सप्रेस लोकल ट्रेन के मुकाबले फिसड्डी साबित हो रही है।

समय के मामले में किफायत का ध्यान रखना को लेकर लोग अपनी यात्रा पर अधिक रुपए खर्च करना उचित समझते हैं ताकि उनके कामकाज का शेड्यूल बाधित न हो। बिलासपुर से कोरबा के लिए सुबह 7-35 पर चलने वाली गेवरा रोड लोकल ट्रेन के 10 मिनट पहले रवाना होने वाली इतवारी कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस लोगों के लिए अच्छा विकल्प है। रेलवे के शेड्यूल के अंतर्गत इस सुबह 9 बजे कोरबा पहुंच जाना चाहिए। शिकायत है कि पिछले कुछ दिनों से यह लगातार डेढ़ से 2 घंटे लेट यहां पहुंच रहे हैं। हर रोज के तमाशे के कारण अब लोगों की नाराजगी इसे लेकर बढ़ती जा रही है हैरानी इस बात की है कि शिवनाथ से बहुत पहले लोकल ट्रेन की कोरबा में उपस्थिति दर्ज हो रही है। ऐसे में समान उठ रहा है कि इन दोनों में से बेहतर कौन है।



### केवल बात करने में अग्रणी है अधिकारी

कोरबा में रेल यात्री सुविधाओं को बेहतर किए जाने को लेकर काफी समय से लोगों की नाराजगी सामने आती रही है और उपेक्षा के आरोप रेल प्रबंधन पर लगाते रहे हैं। रेल मंडल से लेकर रेल जोन और रेल मंत्रालय स्तर के अधिकारियों तक लोगों की ओर से अपनी बात पहुंचाई गई। हर बार अधिकारियों की ओर से लोगों को मिलाकर सब कुछ ठीक किया जाएगा क्योंकि उनकी नजर में बेहद महत्वपूर्ण जगह है। लेकिन जिस तरह से व्यवस्था बनी हुई है उसे लगता है कि अधिकारी लॉलीपॉप देने के अलावा और कुछ नहीं कर सकते।

### लटके हुए हैं कई गाड़ियों के प्रस्ताव

जनप्रतिनिधियों का निकम्मापन कहा जाए या फिर रेलवे की हठधर्मिता, लंबा समय बीतने के बाद भी कोरबा से विभिन्न दिशाओं के लिए लंबी दूरी की डायरेक्ट ट्रेन ऑपरेट करने का काम अब तक नहीं हो सका है। रेल संघर्ष समिति कोरबा के संयोजक रामकिशन अग्रवाल ने बताया कि कोरबा से राउरकेला, कोरबा से बीकानेर और कोरबा से इंदौर के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग बहुत पुरानी है। इनके लिए बेहतर सुनाओ दिए गए हैं जबकि मंत्रालय तक बढ़ाया है। यह मानवी काफी समय से की जा रही है कि 9-00 पहुंचने के बाद लगभग 10 घंटे बिलासपुर में खड़ी रहने वाली रीवा एक्सप्रेस का विस्तारित पूर्वक तक किया जाए, ऐसा होने पर हजारों लोगों को विभिन्न मार्गों के लिए एक अच्छी कनेक्टिविटी प्राप्त हो सकेगी।

## इमलीछापर चौक पर ट्रेलर पलटा चालक को आई मामूली चोट



**कोरबा।** कोरबा जिले के कुसमुंडा की ओर से कोयला लोड कर जा रही ट्रैलर इमली चौक पर पलट गई। इस हादसे में चालक को मामूली चोट आई है, जबकि सड़क किनारे खड़ी दूसरी ट्रैलर भी पलटे हुए ट्रैलर से गिरे कोयले की ढेर से फंस गई। हादसा अलसुबह का बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा खदान की ओर से कोयला लोड कर निकली ट्रैलर इमली छापर फाटक पार करते ही मोड के पास पलट गई। हादसे के समय सड़क पर लोगों की आवाजाही नहीं के बराबर थी, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। इमली छापर चौक पर कच्ची सड़क और गड्ढे ऐसे हादसों की वजह बनते जा रहे हैं। इसके अलावा, चौक-चौराहों पर ट्रैलर चालकों द्वारा पार्किंग का अड्डा बना दिया गया है, जिससे अन्य वाहनों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## चचिया उपार्जन केंद्र में फिर घुसा दंतैल, मची अफरा-तफरी

**कोरबा।** जिले के कुदमुरा तथा करतला वन परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। जहां कुदमुरा रेंज में 25 हाथी विचरण कर रहे हैं। वहीं आधा दर्जन हाथियों की मौजूदगी करतला के केराकछार जंगल में बनी हुई है।

कुदमुरा परिक्षेत्र में दाखिल होने के बाद विचरण कर रहे 25 हाथियों के दल में से एक दंतैल हाथी बीती रात चचिया में स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंच गया जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई और वन विभाग को सूचित किया। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और दंतैल को खदेड़ने की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल ने जंगल का रूख किया और अपने झुंड में शामिल हो गया। इससे पहले दंतैल ने चचिया गांव में एक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया तथा कुछ अन्य ग्रामीणों के बाड़ी में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए वहां लगे सब्जी के पौधों को तहस-नहस भी कर दिया। वर्तमान में हाथियों का झुंड कुदमुरा वन परिसर के कक्ष क्रमांक पी-1139 में बांस बाड़ी के निकट मौजूद है। जिसकी निगरानी वन विभाग के द्वारा ड्रोन कैमरे के अलावा अन्य साधनों से की जा रही है। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज में भी 49 हाथियों की उपस्थिति से ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। जानकारी के अनुसार हाथियों का दल तीन समूहों में बंटकर मड़ई, सरभोंका सहित तीन स्थानों पर विचरण कर रहे हैं।

# फुटपाथ को उपयोगी बनाने शुरू की बेरिकेटिंग

### अवैध दुकानों के कारण राहगीर हो रहे थे लाचार

**कोरबा।** म्युनिसिपल कॉरपोरेशन कोरबा के द्वारा ओपन थिएटर से लेकर बुधवारी बाजार क्षेत्र में बनाए गए फुटपाथ को उपयोगी बनाए जाने के लिए अब जाकर याद आई है और इस दिशा में कामकाज शुरू कर दिया गया है। कमिश्नर आशुतोष पांडे ने दो दिन पहले निरीक्षण करने के साथ निर्देशित किया था और आज से अगली कार्रवाई जमीन पर नजर आने लगी।

लगभग 5 वर्ष पहले डेढ़ से 2 करोड रुपए खर्च कर नगर पालिका निगम ने नगर की सुंदरता को बढ़ावा देने और पैदल चलने वाले लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस व्यस्त क्षेत्र में फुटपाथ का निर्माण कराया था। फुटपाथ बनने के बाद कुछ समय तक आम लोगों को इसकी सुविधा मिल सके लेकिन बाद में पूरे इलाके में इस पर अवैध कब्जा हो गया और अघोषित रूप से लोगों ने इसे अपने कब्जे में ले लिया। बार-बार यह मामला समाचार पत्रों में उठता रहा लेकिन इस पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं समझी गई। नगर निगम में आयुक्त आशुतोष पांडे ने पिछले दिनों नगर की बेहतरीन और सौंदर्यकरण अभियान के सिलसिले में हुई बातचीत में कहा था कि हर दृष्टिकोण से काम किए जाएंगे और चीजों को बदल जाएगा। फुटपाथ को अवैध कब्जा से मुक्त करने को लेकर उन्होंने योजना न केवल तैयार की बल्कि काम भी शुरू कर दिया। इसके अंतर्गत अब ऐसे सभी पॉइंट वेरीकडिंग कराई जा रही है। उद्देश्य यही है कि जिस काम के लिए इस प्रकार के निर्माण कोरबा जनता के रूपों से कराए गए हैं ,उसकी उपयोगिता साबित भी होनी चाहिए। उम्मीद करना होगा कि जिस प्रकार की कोशिश नगर निगम अब फुटपाथ के मामले में कर रहा है, वह लंबे समय तक कायम भी रहेगी।



## छेड़छाड़ करने वाला पकड़ाया

**कोरबा।** उरगा पुलिस ने छेड़छाड़ से संबंधित एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी संतन केसरिया को गिरफ्तार कर लिया है। खोडल गांव में यह घटना होने की जानकारी पुलिस ने दी। पीड़िता के द्वारा थाना पहुंचकर अवगत कराया गया कि आरोपी ने एक स्थान पर उसके साथ घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तत्काल संज्ञान दिया और मामला दर्ज करने के साथ अगली कार्रवाई की।

***कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ अब हाउसिंग बोर्ड कालोनी में भी अवैध शराब बनाने के मामले सामने आ रहे हैं। कोरबा तहसीलदार सत्यप्रकाश राय ने ऐसी एक सूचना पर कार्रवाई की लेकिन इस दौरान शराब निर्माता भाग गया।

## एनटीपीसी कोरबा में लगाएगा 800 मेगावाट का अत्याधुनिक संयंत्र



**कोरबा।** जिले में एनटीपीसी द्वारा हाई-टेक पावर प्लांट स्थापित किया जाना है। संभवतः नए वित्तीय वर्ष में इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

800 मेगावाट क्षमता वाले अत्याधुनिक संयंत्र की स्थापना एनटीपीसी- बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जाएगी। यह प्लांट उन्नत अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, जो पारंपरिक कोयला-आधारित बिजली संयंत्रों की तुलना में उच्च दक्षता और कम उत्सर्जन प्रदान करेगा। हाई-टेक पावर प्लांट की प्रारंभिक लागत 15 हजार करोड़ रुपए आएगी। केन्द्र सरकार ने एयूएससी प्रौद्योगिकी आधारित बिजली संयंत्र के अपने बजट में वित्तीय सहायता का प्रावधान किया हुआ है। माना जा रहा है कि नए वित्तीय वर्ष 2025- 26 में इसकी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। पर्यावरणीय जनसुनवाई के लिए ईआईए रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

एनटीपीसी कोरबा राख की उपयोगिता में पिछड़ा हुआ है। वर्तमान में एनटीपीसी कोरबा संयंत्र की क्षमता 2600 मेगावाट है। राख उपयोगिता 60 प्रतिशत है। इस कारण प्रस्तावित हाई-टेक पावर प्लांट की कार्यवाही में देरी हो रही है।दूसरी ओर एनटीपीसी सीपत में एड्वांस्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नॉलजी आधारित 800 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र स्थापित करने का काम शुरू हो चुका है।

### पुलिस और प्रेस के बीच खेला गया सद्भावना मैच

**कटघोरा।** स्थानीय हाई स्कूल मैदान में आज सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। पुलिस और पत्रकारों की टीम इसमें शामिल हुई। पुलिस की टीम में पुलिस के अल्लामा प्रशासन के अधिकारी मैच खेलने के लिए। जबकि प्रेस की टीम में स्थानी मीडिया कर्मियों ने भागीदारी की। बताया गया कि थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी की पहल पर इस प्रकार की गतिविधियां संवाद को बढ़ावा देने के अनुक्रम में की जा रही है।

## प्रभारी मंत्री अरुण साव पहुंचे, प्रशासन सतर्क

### कलेक्टोरेट मार्ग पर प्रभावशील की धारा 144

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव एकदिवसीय प्रवास पर आज कोरबा पहुंचे। सीएसईबी चौराहे पर कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ उनका स्वागत किया।। इसके बाद विश्राम जहां पर कार्यकर्ताओं से औपचारिक बातचीत की।

संक्षिप्त प्रवास पर आए उपमुख्यमंत्री आज दोपहर में कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेंगे। नगरी निकाय और पंचायत चुनाव से ठीक पहले उप मुख्यमंत्री के द्वारा दी जा रही इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं और उनकी प्रगति को लेकर इस बैठक में विस्तृत विचार मंथन होना है। उपमुख्यमंत्री के द्वारा इस बैठक में अधिकारियों से जानकारी हासिल की जाएगी कि उन्हें जो टारगेट दिया गया था उसके सापेक्ष उपलब्धि क्या नहीं और इसमें कितनी क्या कमियां है और इसे कैसे दूर किया जाना चाहिए। राज्य और केंद्र प्रवर्तित योजनाओं पर काफी निवेश किया गया है और इनके माध्यम से निर्माण मुलक कार्यों को कराया जाना है। माना जा रहा है कि इस प्रकार की योजनाओं के परिणामों से तस्वीर काफी अच्छी हो सकती है। उपमुख्यमंत्री के कोरबा प्रवास और उनके द्वारा अधिकारियों की दी जाने वाली बैठक को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट के आसपास के हिस्से में पहले ही धारा 144 लगाई जा चुकी है ताकि किसी प्रकार का प्रदर्शन ना हो सके और पिछला हफ्ता घटित घटनाक्रम की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। इसके लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी काफी सतर्क है।



### जगह-जगह किया गया स्वागत

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव के जिला प्रवास के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। पाली पहुंचने पर भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, किसान मोर्चाजिलाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, हरीश थरवानी, रौशन ठाकुर के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जोरदार स्वागत किया। कटघोरा में मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ,राजेन्द्र टंडन, विरेन्द्र मोहन कश्यप, सतीश जायसवाल, डाकेश्वर शुक्ला, सुनील खाण्डे, विवेक मारकण्डे, किशन केशरवानी, शमजीत सिंह, जय गर्ग,अनुराग दुहलानी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान छुरी के कार्यकर्ता भी यहां मौजूद थे। भाजपा नेता हिरणनंद पंजवानी, विक्रात देवांगन, रमेश श्रीवास, डा. मनोज विश्वास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अरूण साव का स्वागत किया । विद्युत मंडल चौक में कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर, मंजू सिंह, रमा मिरी, विलाप राम, डा. जय लहरे के नेतृत्व अनेको भाजपाईयों ने स्वागत किया।

## स्कूल जतन का काम करने वाले ठेकेदार भटक रहे 20 फीसदी राशि के लिए

**कोरबा।** मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत रूके हुए भुगतान की प्राप्ति सुनिश्चित न हो पाने के कारण काम करने वाले ठेकेदार आर्थिक तंगी व मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहे हैं।

ठेकेदारों ने एक बार फिर कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर भुगतान कराने का आग्रह किया है। इन्होंने बताया कि ग्रामीण यांत्रीकीय सेवा संभाग कोरबा में स्कूल जतन योजना के तहत निविदा के माध्यम से स्कूल मरम्मत का कार्य कोरबा जिले के पांचो विकासखंड में कराया गया एवं सभी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। कार्य का भुगतान लगभग 70 प्रतिशत किया गया, एवं शेष भुगतान लगभग डेढ़ वर्ष से रोका गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मरम्मत कार्यो का तीन विभाग के कार्यपालन अभियंता क्रमशः प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग एवं हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से पुनः चेकिंग कराया गया जो संतोषजनक पाया गया। इसका प्रतिवेदन तीनों विभाग के प्रमुख के पास उपलब्ध है।

निवेदन है कि कोरबा जिले के ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति भुगतान नहीं होने से अत्यंत खराब है। व्यापारियों का भुगतान नहीं होने के कारण व्यापारी द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यथा शीघ्र भुगतान कराने की कृपा करें जिससे ठेकेदारों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति ठीक हो सके।

### *रिपोर्ट जमा होने के बाद जारी होगी राशि*

*स्कूल जतन योजना के अंतर्गत ठेकेदारों को आवंटित काम के 20 प्रतिशत राशि धरोहर के रूप में रोकी गई है। लोक निर्माण, पीएमजीएसवाय और हाउसिंग बोर्ड की एक टीम के द्वारा संबंधित कार्यों का परीक्षण कराया गया। इसकी रिपोर्ट प्राप्त हो गई है इसे आगे सबमिट करने के बाद रुकी गई राशि ठेकेदारों को उपलब्ध करा दी जाएगी।*

***-अशोक जोगी, कार्यपालन अभियंता, आरईएस***

## बिजली आपूर्ति की गई बहाल

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बारी उमराव का आश्रित मोहल्ला जलहल के ग्रामीण लगभग 6 महीने से पुनः बिजली आपूर्ति शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। ट्रांसफार्मर जलकर खराब होने के बाद डीपी से निकाले जाने के बाद मौके पर ही रख दिया गया था। अब नया ट्रांसफार्मर लगाने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com